Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 240 | सोमवार, 01 सितंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## दोनों देशों में मेल-मिलाप का संकेत! पीएम मोदी कहा

# भारत-चीन के स्थिर संबंध ही 2.8 अरब लोगों के बेहतर भविष्य की कुंजी

**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री मोदी ने एससीओ शिखर सम्मेलन में राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात कर भारत-चीन संबंधों को आपसी विश्वास और सम्मान पर आधारित करने की वकालत की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि 2.8 अरब लोगों का कल्याण दोनों देशों के द्विपक्षीय सहयोग से जुड़ा है, जो अमेरिकी टैरिफ नीति से उत्पन्न वैश्विक उथल-पुथल के बीच क्षेत्रीय व वैश्विक आर्थिक स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को चीन के बंदरगाह शहर तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन से इतर चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात के दौरान कहा कि भारत-चीन संबंधों को आपसी विश्वास और सम्मान से निर्देशित होना चाहिए। इस द्विपक्षीय वार्ता की शुरूआत दोनों देशों के बीच हाथ मिलाने से हुई, जो दोनों दीर्घकालिक प्रतिद्वंदियों के बीच मेल-मिलाप की दिशा में अगले कदम का संकेत है। साथ ही, इससे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को भी संदेश गया, जिनके टैरिफ संबंधी आक्रामक रुख के कारण वाशिंगटन के नई दिल्ली और बीजिंग दोनों के साथ संबंध खराब हो गए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग से कहा कि भारत आपसी विश्वास, सम्मान और संवेदनशीलता के आधार पर चीन के साथ अपने संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों को पुनः संयोजित करने के लिए व्यापक वार्ता की।

*भारत और चीन के बीच सीमा से संबंधित मुद्दों को सुलझाने के लिए सीमा मुद्दे पर विशेष प्रतिनिधियों का तंत्र है। मोदी ने कहा, ह्यह्यहम आपसी विश्वास, सम्मान और संवेदनशीलता के आधार पर अपने सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रधानमंत्री ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की चीन द्वारा सफलतापूर्वक अध्यक्षता किए जाने पर शी को बधाई भी दी। अभी इस बारे में जानकारी नहीं मिली है कि मोदी और शी के बीच बैठक में विशिष्ट रूप से क्या बातचीत हुई। तियानजिन की अपनी यात्रा से पहले मोदी ने कहा था कि विश्व आर्थिक व्यवस्था में स्थिरता लाने के लिए भारत और चीन का मिलकर काम करना महत्वपूर्ण है। जापान के समाचार पत्र ह्यद योमिउरी शिंबुनके साथ एक साक्षात्कार में मोदी ने कहा था कि भारत और चीन के बीच स्थिर और सौहार्दपूर्ण द्विपक्षीय संबंधों का क्षेत्रीय एवं वैश्विक शांति और समृद्धि पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। पीएम मोदी ने शुक्रवार को प्रकाशित साक्षात्कार में कहा, विश्व अर्थव्यवस्था में मौजूदा अस्थिरता को देखते हुए, दो प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के रूप में भारत और चीन का विश्व आर्थिक व्यवस्था में स्थिरता लाने के लिए मिलकर काम करना महत्वपूर्ण है। मोदी की चीन यात्रा चीनी विदेश मंत्री वांग यी की भारत यात्रा के एक पखवाड़े से भी कम समय बाद हो रही है। विदेश मंत्री एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ वांग की व्यापक वार्ता के बाद दोनों पक्षों ने ह्यह्यस्थिर, सहयोगात्मक और दूरदर्शी संबंधों के लिए कई कदम उठाए जाने की घोषणा की थी।*



## सांसदों को ज्यादा वेतन-भत्ता मिलने पर इंडोनेशिया में बवाल



**नई दिल्ली।** इंडोनेशियाई में सांसदों के भत्ते को लेकर शुरू हुए हिंसक प्रदर्शन को देखते हुए राजनीतिक दलों ने इसमें कटौती पर सहमति जताई है। राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो ने रविवार को यह जानकारी दी। सरकार विरोधी प्रदर्शनों को शांत करने के लिए यह कदम उठाया गया है। इन प्रदर्शनों में पांच लोग मारे गए। सांसदों के अत्यधिक वेतन और आवास भत्ते के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ था। एक विरोध स्थल पर पुलिस कार्रवाई के दौरान मोटरसाइकिल चालक की मौत के बाद यह दंगों में बदल गया। राजनीतिक दलों के सदस्यों के घरों और सरकारी भवनों को निशाना बनाया गया। वित्त मंत्री मुल्यानी इंद्रावती के घर में रात के समय लुटेरे घुस आए। उस समय वह घर में नहीं थीं। यह स्पष्ट नहीं है कि वह अक्सर उस घर का इस्तेमाल करती हैं या नहीं। सोमवार को और अधिक विरोध प्रदर्शन की योजना बनाई गई है।

## बीएचयू कैंपस में आईआईटी और बिरला हॉस्टल के छात्रों में मारपीट



**वाराणसी।** घटना में आईआईटी के कुछ छात्रों को चोट आई है। उधर साथियों की पिटाई की सूचना मिलते ही आईआईटी के हॉस्टल में रहने वाले छात्र भी सड़क पर आ गए और घटना पर विरोध करने लगे। बीएचयू कैंपस में रविवार की देर रात आईआईटी बीएचयू और बिरला हॉस्टल के छात्रों के बीच मारपीट हो गई। घटना में आईआईटी के कुछ छात्रों को चोट आई है। उधर साथियों की पिटाई की सूचना मिलते ही आईआईटी के हॉस्टल में रहने वाले छात्र भी सड़क पर आ गए और घटना पर विरोध करने लगे। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस और आईआईटी और बीएचयू के प्रा क्टोरियल बोर्ड की टीम ने दोनों तरफ से छात्रों को शांत कराया। हालांकि कुछ देर शांत रहने के बाद आआईटी के छात्रों ने फिर विरोध शुरू कर दिया।

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार एक मंच पर नजर आए भारत-पाकिस्तान, पीएम मोदी ने शहबाज से बनाई दूरी

**तियानजिन।**



शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के आधिकारिक रिसेप्शन में ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बाद भारत और पाकिस्तान के पीएम एक मंच पर नजर आए। हालांकि पीएम मोदी ने शहबाज से दूरी बनाए रखी। पीएम नरेंद्र मोदी का रविवार शाम शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के आधिकारिक रिसेप्शन में शानदार स्वागत किया गया। मेजबान चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और पत्नी पेंग लियुआन ने हाथ मिलाकर उनका अभिवादन किया। एससीओ नेताओं का औपचारिक ग्रुप फोटो भी हुआ। इस दौरान, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भी मौजूद थे। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बाद भारत और पाकिस्तान के पीएम एक मंच पर नजर आए। हालांकि पीएम मोदी ने शहबाज से दूरी बनाए रखी। पीएम मोदी ने म्यांमार, मालदीव, नेपाल समेत तमाम प्रमुख नेताओं से मुलाकात की। मैत्रीपूर्ण, व्यापारिक और सांस्कृतिक रिश्तों पर बातचीत हुई। पीएम मोदी ने नेपाली प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली से दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंधों पर चर्चा की। पीएम मोदी ने मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू से भी बातचीत की। दोनों देशों के बीच विकासात्मक साझेदारी का उल्लेख किया। भारत-म्यांमार के बीच बिगड़े रिश्तों के पटरी पर लौटने के बीच इस मुलाकात को काफी अहम माना जा रहा है।

## अवैध मतांतरण के खिलाफ आज विधानसभा में बिल पेश करेगी राजस्थान सरकार

**जयपुर।**



राजस्थान सरकार सोमवार से शुरू होने वाले विधान सभा सत्र में अवैध मतांतरण रोकने के लिए सख्त विधेयक पेश करेगी। प्रस्तावित कानून में कठोर दंड के प्रविधान हैं। इसमें सामान्य मामलों में सात से 14 वर्ष जेल व न्यूनतम पांच लाख रुपये का जुमार्ना, सामूहिक मतांतरण के मामले में 20 वर्ष से लेकर आजीवन कारावास व न्यूनतम 25 लाख जुमार्ना और अपराध दोहराने वाले को आजीवन कारावास व कम से कम 50 लाख रुपये का जुमार्ना प्रस्तावित है। मतांतरण के उद्देश्य से होने वाली शादी अमान्य होगी। ये सभी अपराध गैर जमानती होंगे। पूर्वजों के धर्म में लौटना परिवर्तन नहीं माना जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में रविवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस मसौदे को मंजूरी दी गई।

## एशिया कप से पहले भारतीय खिलाड़ियों का परीक्षण

**नई दिल्ली।**



गिल के लिए फिटनेस परीक्षण अनिवार्य हो गया था क्योंकि उन्हें बुखार के कारण दलीप ट्रॉफी से हटना पड़ा था जहां उन्हें उत्तर क्षेत्र का कप्तान बनाया गया था और वे पिछले कुछ दिनों से अपने गृहनगर में आराम कर रहे थे। समाचार एजेंसी पीटीआई को पता चला है कि जिन अन्य खिलाड़ियों ने बिना किसी समस्या के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में परीक्षण पास किया उनमें मोहम्मद सिराज, यशस्वी जायसवाल, वाशिंगटन सुंदर और शार्दुल ठाकुर शामिल हैं। भारत के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल और एकदिवसीय कप्तान रोहित शर्मा सहित भारतीय क्रिकेटरों ने बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में आयोजित सत्र पूर्व फिटनेस परीक्षण पास कर लिया। गिल और उनके साथी जसप्रीत बुमराह तथा जितेश शर्मा भी फिटनेस मानकों पर खरे उतरे हैं। पंजाब के इस 25 वर्षीय बल्लेबाज को इस टी20 टूनार्मेंट के लिए भारत का उप कप्तान बनाया गया है। भारतीय टीम नौ सितंबर से शुरू होने वाले एशिया कप के लिए जल्द ही दुबई रवाना होगी। गिल के लिए फिटनेस परीक्षण अनिवार्य हो गया था क्योंकि उन्हें बुखार के कारण दलीप ट्रॉफी से हटना पड़ा था जहां उन्हें उत्तर क्षेत्र का कप्तान बनाया गया था और वे पिछले कुछ दिनों से अपने गृहनगर में आराम कर रहे थे।

## टैरिफ पर संघीय अदालत के फैसले के बाद बोले ट्रंप

# 'हमारा देश पूरी तरह से बर्बाद हो जाएगा'


**नई दिल्ली।**



यूएस कोर्ट ऑफ अपील्स ने 7-4 के फैसले से ट्रंप के टैरिफ को गलत बताया था और उस पर रोक लगाने का आदेश दिया था। इसके जवाब में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि बिना टैरिफ हमारा देश पूरी तरह से बर्बाद हो जाएगा और हमारी सैन्य शक्ति तुरंत खत्म हो जाएगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टैरिफ को गलत बताने के संघीय अदालत के फैसले की आलोचना की है। ट्रंप ने कहा कि टैरिफ से अमेरिका में खरबों डॉलर आए हैं। बिना टैरिफ के अमेरिका पूरी तरह से बर्बाद हो जाएगा। इसके अलावा ट्रंप ने टैरिफ का समर्थन करने वाले न्यायाधीश का धन्यवाद जताया।

यूएस कोर्ट ऑफ अपील्स ने 7-4 के फैसले से ट्रंप के टैरिफ को गलत बताया था और उस पर रोक लगाने का आदेश दिया था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि बिना टैरिफ और उन सभी खरबों डॉलर के जो हम पहले ही ले चुके हैं, हमारा देश पूरी तरह से बर्बाद हो जाएगा और हमारी सैन्य शक्ति तुरंत खत्म हो जाएगी। ट्रंप ने लिखा कि 7 से 4 की राय में जजों के एक कट्टरपंथी वामपंथी समूह को इसकी परवाह नहीं थी, लेकिन ओबामा द्वारा नियुक्त एक डेमोक्रेट ने वास्तव में हमारे देश को बचाने के लिए वोट दिया। मैं उनके साहस के लिए उनका धन्यवाद करना चाहता हूं। वह अमेरिका से प्यार करते हैं और उसका सम्मान करते हैं। यूएस कोर्ट ऑफ अपील्स ने शुक्रवार को अपने फैसले में कहा था कि ट्रंप ने देशों पर टैरिफ लगाने के लिए अपनी शक्तियों का सीमा से आगे बढ़कर इस्तेमाल किया। संघीय अदालत ने 7-4 के फैसले से ट्रंप के टैरिफ को गलत बताया और उस पर रोक लगाने का आदेश दिया। हालांकि ये आदेश तुरंत लागू नहीं होगा और अदालत ने ट्रंप प्रशासन को अक्तूबर तक सुप्रीम कोर्ट में अपील का समय दिया है, तब तक टैरिफ लागू रहेगा। टैरिफ पर रोक लगी तो अमेरिका को मिलने वाले लाखों करोड़ रुपये से हाथ धोना पड़ेगा संघीय अदालत का यह फैसला राष्ट्रपति ट्रंप के लिए बड़ा झटका है क्योंकि उनकी व्यापार नीतियों ने वित्तीय बाजार में भारी उथल-पुथल मचा रखी है।

## भारतीय सेना ने अरुणाचल प्रदेश में किया अभ्यास 'युद्ध कौशल 3.0'



**नई दिल्ली।**

भारतीय सेना ने अरुणाचल प्रदेश के कामेंग क्षेत्र में सैन्य अभ्यास किया। रक्षा प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि ऊंचाई वाले क्षेत्रों और कठिन जलवायु परिस्थितियों में युद्ध की तैयारी के आकलन के लिए यह अभ्यास 'युद्ध कौशल 3.0' किया गया। लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने कहा कि शनिवार को संपन्न 'युद्ध कौशल 3.0' ने उन्नत तकनीक, इनोवेशन और सैनिकों की पेशेवर उत्कृष्टता का उल्लेखनीय तालमेल प्रदर्शित किया। इस अभ्यास से मानवरहित प्रणालियों और सटीक हथियारों जैसी उभरती तकनीकों को अपनाने की सेना की प्रतिबद्धता की पुष्टि हुई। इस अभ्यास ने ड्रोन निगरानी, रियल टाइम लक्ष्य प्राप्ति, सटीक हमले, हवाई-तटीय प्रभुत्व और समन्वित युद्धाभ्यास के प्रदर्शनों के साथ बहु-डोमेन (जमीन, समुद्र, वायु, अंतरिक्ष और साइबर जैसे कई क्षेत्रों) वातावरण में काम करने की सेना की क्षमता को रेखांकित किया। लेफ्टिनेंट कर्नल रावत ने कहा कि अभ्यास का एक प्रमुख आकर्षण नवगठित एएसएचएनआई प्लाटूनों का शामिल किया जाना था। इसने प्रदर्शित किया कि किस तरह अगली पीढ़ी की तकनीक, युद्ध-प्रशिक्षित रणनीतियों के साथ सहज रूप से भविष्य के संघर्षों में निर्णायक बढ़त मिल सकती है। इस सहयोग ने प्रदर्शित किया कि कैसे स्वदेशी रक्षा नवाचार राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत कर रहा है और आत्मनिर्भरता को बढ़ा रहा है।

## संपादक की कलम से

# ट्रंप टैरिफ पर खरी-खरी

अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप का भारत पर 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ आज से लागू हो सकता है अथवा कोई मध्य–मार्ग सामने आ सकता है। टैरिफ कम भी किया जा सकता है। उच्च स्तरीय बातचीत का दौर जारी है। अमरीका और भारत विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हैं, लिहाजा लंबे वक्त तक टकराव की स्थितियां किसी के पक्ष में नहीं हैं। प्रधानमंत्री मोदी और मास्को में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने जो बयान दिए हैं, उनके बेहद गहरे निहितार्थ हैं। भारत को अपने 146 करोड़ से अधिक देशवासियों के ऊर्जा संबंधी हितों की सुरक्षा करनी है। भारत स्वतंत्र और संप्रभु राष्ट्र है, लिहाजा रूस से तेल खरीदने का उसका फैसला भी स्वतंत्र है। भारत से तेल खरीदने वाले देश भी स्वतंत्र हैं कि वे तेल खरीदें अथवा न खरीदें। अलबत्ता भारत रूस से कच्चा तेल आयात करता रहेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप के टैरिफवाद पर प्रत्यक्ष प्रहार तो नहीं किया, लेकिन उसे स्वार्थ की कूटनीति करार दिया। प्रधानमंत्री ने खरी–खरी सुनाई कि भारत अपने किसानों, पशुपालकों और छोटे उद्यमियों के हितों से न तो समझौता करेगा और न ही किसी के दबाव में आएगा। प्रधानमंत्री ने एक बार फिर साफ किया कि अमरीका को भारत के कृषि–बाजार में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। अमरीका भारत पर 25 फीसदी टैरिफ पहले ही थोप चुका है और 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ 27 अगस्त से लागू होना है। अमरीका की खुन्नस है कि भारत रूस से कच्चा तेल लगातार आयात क्यों कर रहा है? सवाल राष्ट्रपति ट्रंप और यूरोपीय देशों से किए जाने चाहिए। रूसी राष्ट्रपति पुतिन और अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप के अलास्का में हालिया शिखर संवाद के बाद राष्ट्रपति पुतिन ने यह तस्दीक की थी कि ट्रंप के सत्ता संभालने के बाद से अमरीका–रूस के द्विपक्षीय कारोबार में 20 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर ने यूरोपीय संघ को आईना दिखाया था कि एक तरफ यूरोपीय देश यूक्रेन को रूस से युद्ध जारी रखने के लिए धन और हथियार मुहैया कराते रहे हैं। दूसरी ओर रूस के साथ तेल और गैस का कारोबार लगातार कर रहे हैं। तो किस आधार पर पश्चिमी देश भारत से नैतिकता और त्याग की अपेक्षाएं करते रहे हैं? ट्रंप टैरिफ पर प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री की स्वतंत्र और स्पष्ट अभिव्यक्ति अमरीका और यूरोप को खरी–खरी सुनाती है। गौरतलब यह है कि आज के नए भारत पर ऐसे टैरिफवाद का जरा–सा भी असर दिखाई नहीं दे रहा है। अमरीका की प्रतिष्ठित ग्लोबल रेटिंग एजेंसी फिच ने अपनी रपट में भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर बड़ा और सकारात्मक खुलासा किया है। भारत की मजबूत विकास–दर का हवाला देते हुए रेटिंग को बीबीबी– बरकरार रखा है। भारत की आर्थिक विकास दर 2025–26 में 6.5 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। एसएंडपी रेटिंग एजेंसी ने भी भारत की अर्थव्यवस्था पर भरोसा जताया है। उसने बीबीबी की रेटिंग दी है। फिच की रपट में कहा गया है कि भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत बढ़ोतरी और ठोस बाहरी निवेश का समर्थन हासिल है। भारत का आर्थिक आउटलुक भी मजबूत बना हुआ है। फिच ने जीएसटी सुधारों का भी आकलन किया है। जीएसटी सुधारों से उपभोग को बढ़ावा मिलेगा। बढ़ोतरी में संबंधित जोखिमों में से कुछ कम हो जाएंगे। रपट में उल्लेख किया गया है कि खाद्य उत्पादों की कीमतों में गिरावट आएगी और आरबीआई द्वारा उठाए गए नीतिगत कदमों ने महंगाई को काबू में रखा है। कोर महंगाई दर केंद्रीय बैंक के निर्धारित दायरे 2 फीसदी से 6 फीसदी में है। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा है कि बैंक और कॉरपोरेट को मिल कर निवेश बढ़ाना चाहिए। ट्रंप टैरिफ की अनिश्चितताओं के बीच आरबीआई आर्थिक विकास दर को बढ़ाने के लिए प्रयास कर रहा है।



ललित शर्मा
संपादक

## आतंकवाद का घिनौना रूप

### मोनिका डागा आनंद

कविता



कुछ बद्दिमाग खूंखार राक्षसों की काली करतूत,
मचाती हाहाकार, कष्ट से हो जाता विश्व द्रवीभूत,
निहत्थों पर वार चलाना कैसी शर्मनाक फितरत है ?
कायरता का जश्न मनाना ये कैसी बेकार शोहरत है ?
खून का बदला खून से क्या कर सकता भरपाई,
जिन्होंने अपने जीवन की खोई अनमोल ईकाई,
जन्म लेगी नफरत और भड़के की ज्यादा आग,
चलता रहेगा ये हत्याओं का खूनी दर्दनाक फाग ।

थू थू करता जग सारा तुम पर क्यों साख डुबोते हो ?
गड्ढा खोदते दूसरों के लिए व खुद ही गड्ढे में गिरते हो,
बद्दुआओं में जीकर कौन सा तीर मारा जीवन में ?
खून की नदियां बहाई क्या मिला दहशत घुटन में ?

कैसी तालीम मिली तुमको इंसानियत को ही भूल गए ?
अपने ही मुल्क को बदनाम कर देश प्रेम को भूल गए ?
इस घृणित कर्म से न जाने कितने सिपाही मारे जाएंगे ?
लाल वो भी धरा के बेवजह क्रोध की बलि चढ़ जाएंगे ?

धर्म जाति के नाम पर लडाई करवा गंदा खेल रचते हो ?
क्यों शांति, प्रेम, अमन सुकून को कलंकित करते हों ?
थम जाओ छोड़ दो ये हिंसा का दर्दनाक भयावह मंजर,
मासूमों के हाथ मत दो तुम्हारी नफरत का खूनी खंजर ।

कसूरवार हो तुम क्यों ईर्ष्या घृणा फैला कर हंसते हो ?
किसी से प्रेम नहीं करते बस अहम् को सिद्ध करते हो ?
जो करना होगा वो तो देश की सरकारें निर्णय ले करेंगी,
जहर की इस फसल को जड़ समेत ही उखाड़ फेंकेगी ।

कांप रही है ये कलम आज आंखों की पलकें भी नम,
दुश्मनी की खाई क्यों नहीं होती इतने वर्षों बाद भी कम,
सुरक्षित नहीं इंसान कहीं भी इंसान ही बन बैठा दुश्मन,
₹आनंद₹ नहीं जीवन में बढ़ी हर मन में चिंताएं उलझन ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया ।संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के शताब्दी संदेश से बहुत कुछ प्रेरणा ले सकती है भाजपा

ऐसे में स्पष्ट है कि भागवत का कथन सिर्फ शब्दों का खेल नहीं है, बल्कि संघ की मूल वैचारिक धारा की वह सहज और सरल अभिव्यक्ति है, जो देश में सत्तासीन बीजेपी नीत एनडीए सरकार के लिए एक माकूल दिशा का निर्धारण भी करता है।

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत जब भी कुछ बोलते हैं उसे बिना कुछ सोचे समझे देश की सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी से संबंधित मान लिया जाता रहा है। ऐसे में इस बार भी उन्होंने विज्ञान भवन में जो कुछ कहा है, उसे बीजेपी से ही जोड़कर देखा ही जाएगा। सर्वप्रथम, उनका यह कहना महत्वपूर्ण है कि हिंदू राष्ट्र का सत्ता से कोई लेना-देना नहीं', बल्कि इसके बड़े मायने हैं। ऐसे समय में जब देश में हिंदूवादी राजनीति अपने शिखर पर है, मोहन भागवत द्वारा दिया गया यह भाषण बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है। वाकई जब वे कहते हैं कि हिंदू राष्ट्र शब्द का सत्ता से कोई मतलब नहीं है, तो इसके गहरे सियासी निहितार्थ हैं। क्योंकि प्रायः भाजपा सरकार पर विपक्ष लगातार आरोप लगाता रहा है कि वह इस विचारधारा को सत्ता पाने और उसमें बने रहने के औजार के रूप में इस्तेमाल करती है। कहना न होगा कि संघ बीजेपी को समय समय पर वैचारिक खुराक व प्रबुद्ध दिशानिर्देश देता रहा है। यही वजह है कि अपने तमाम मतभेदों के बावजूद संघ और बीजेपी एक बिंदु पर जाकर एक हो जाते हैं। ऐसे में स्पष्ट है कि भागवत का कथन सिर्फ शब्दों का खेल नहीं है, बल्कि संघ की मूल वैचारिक धारा की वह सहज और सरल अभिव्यक्ति है, जो देश में सत्तासीन बीजेपी नीत एनडीए सरकार के लिए एक माकूल दिशा का निर्धारण भी करता है। ऐसे में सीधा सवाल यह है कि संघ प्रमुख के इस बयान के मायने क्या हैं? क्या यह सीधे-सीधे वक्त-वेवक्त लीक से भटकती दिखाई देतीबीजेपी नेताओं को संदेश देता है? यूँ तो 21वीं सदी के महान किंगमेकर मोहन भागवत समय समय पर नीतिगत बातें स्पष्ट करते रहते हैं। ऐसे में उनका यह ताजा बयान भी ऐसे समय पर आया है जब इंडिया गठबंधन रूपी बिखरा विपक्ष भाजपा पर निरंतर यह आरोप मढ रहा है कि वह बहुसंख्यकवाद और ध्रुवीकरण को बढ़ावा दे रही है। इस बात में कोई दो राय नहीं कि उनकी दूरदर्शिता के बदौलत ही भाजपा लगातार तीसरी बार केंद्र में सत्तासीन है। इसके अलावा कई अन्य राज्यों में भी उसके हाथ में सूबाई सत्ता की ताकत है। लिहाजा, संघ प्रमुख का यह कहना कि हिंदू राष्ट्र का अर्थ सत्ता से नहीं है, एक राजनीतिक संतुलन साधने की कवायद के रूप में भी देखा जा सकता है। इससे स्पष्ट होता है कि संघ अब बीजेपी को हिंदू राष्ट्र के मुद्दे को थोड़ा नरम करके चलने का संकेत देना चाहता हो। चूंकि परिवर्तन सृष्टि का शाश्वत नियम है। इसलिए संघ की सोच-समझ में समयानुसार नीतिगत सुधार अपेक्षित है। ऐसे में जो आरएसएस अपनी स्थापना के शुरूआती दिनों से ही हिंदू राष्ट्र की बात पर मुखर रहा है, वह भी नरम हो रहा है। बता दें कि सदाशिव गोलवलकर, जिन्हें गुरुजी कहा जाता है, ने इसे परिभाषित करते हुए कहा था कि भारत की आत्मा हिंदू है और यहां की संस्कृति की जड़ें हिंदुत्व से निकली हैं। वाकई संघ का शुरू से ही मानना रहा है कि हिंदू शब्द सिर्फ धार्मिक नहीं है, बल्कि इसमें सभ्यता, परंपरा, जीवनशैली और सामाजिक मूल्य सभी शामिल हैं। यही वजह है कि संघ हमेशा कहता रहा कि मुसलमान, ईसाई, पारसी या अन्य धार्मिक समूह भी इस राष्ट्र के उतने ही हिस्से हैं, जितने हिंदू। इसलिए यह बिल्कुल सीधा और साफ संदेश है कि भागवत का बयान संघ की पुरानी लाइन को ही दोहराता है। कहना न होगा कि आरएसएस सीधे सत्ता की राजनीति में शामिल नहीं होता है, बल्कि संघ की असली ताकत समाज-निर्माण, जनशिक्षा, जनसेवा और सांस्कृतिक कार्यक्रम में है। इसलिए संघ प्रमुख के इस बात में कुछ भी नया नहीं है कि हिंदू राष्ट्र का लक्ष्य संसद में बहुमत पाना नहीं है, बल्कि समाज को ऐसा बनाना है जिसमें नैतिकता, समरसता और सांस्कृतिक एकता स्थापित हो। लेकिन उनकी इस बात की टाइमिंग बहुत ही महत्वपूर्ण है। शायद यह हो सकता है कि संघ प्रमुख बीजेपी के लिए कोई सीमा रेखा खींच रहे हैं या अल्पसंख्यकों को कोई व्यापक संदेश दे रहे हों। ऐसा इसलिए कि भारत में हिंदू राष्ट्र का सीधा संबंध अक्सर मुसलमानों और अन्य अल्पसंख्यकों में असुरक्षा की भावना से लिया जाता है। जबकि विपक्ष इसे बहुसंख्यकवादी एजेंडा मानता है। वहीं, चूंकि कांग्रेस-समाजवादियों की तुष्टीकरण की नीतियों से ही हिंदुओं को काफी क्षति हुई है, जिससे संघ-भाजपा की विचारधारा को मजबूती मिली। हालांकि, कांग्रेस नेताओं के मुंह से बीजेपी के बजाय आरएसएस के लिए ज्यादा अपशब्द निकलता रहा है। वहीं आरएसएस के मुख से नेहरू-गांधी परिवार की कुचक्री नीतियों के लिए। शायद यही कारण है कि जब भागवत कहते हैं कि हिंदू राष्ट्र का सत्ता से कोई संबंध नहीं है तो यह संदेश जाता है कि संघ का उद्देश्य किसी पर वर्चस्व थोपना नहीं है, बल्कि यह अवधारणा सबको साथ लेकर चलने वाली सांस्कृतिक पहचान की है।




यहां पर समझने वाला आवश्यक तथ्य यह है कि आखिर संघ यह बात बार-बार क्यों दुहरा रहा है? क्या वो भाजपा के स्थायी शासन के लिए अल्पसंख्यकों को रिझाना चहता है? या फिर यह कहीं बीजेपी को अगले विधानसभा चुनावों के लिए इशारा तो नहीं है, क्योंकि भारतीय जनता पार्टी इस वर्ष बिहार और अगले वर्ष पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में डेमोग्रेफी चेंज और मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर अल्पसंख्यकों पर लगातार जुबानी हमले कर रही है। ऐसे में हो सकता है कि संघ यह चाहता हो कि बीजेपी को अपने रुख में थोड़ी नरमी लानी चाहिए! वहीं, भागवत का बयान भाजपा को अप्रत्यक्ष रूप से यह याद दिलाता है कि संघ की दृष्टि सत्ता से आगे की है। भाजपा हिंदू राष्ट्र को राजनीतिक नारे के रूप में इस्तेमाल सत्ता हासिल करने के लिए कर सकती है। लेकिन भागवत का यह बयान केवल वैचारिक नहीं बल्कि जमीनी राजनीति से भी जुड़ा हो सकता है। क्योंकि बार-बार यह सवाल उठ रहा है कि देश में बेरोजगारी, किसान संकट जैसे मुद्दे हिंदू-मुसलमान की राजनीति के चलते गौण हो गए हैं। लिहाजा, संघ शायद यह संदेश देना चाहता है कि हिंदू राष्ट्र का अर्थ इन समस्याओं से मुंह मोड़ना नहीं बल्कि इन्हें समाज-आधारित समाधान देना है।

# बालों की देखभाल के लिए अपनाएं ये हेयर हैक्स

बालों की केयर का सबसे पुराना व आजमाया हुआ नुस्खा है तेल से चंपी करना। आप नारियल, सरसों या आंवला तेल को चुन सकती हैं। इसके लिए आप सबसे पहले तेल को हल्का गुनगुना कर लें। फिर इस तेल से मालिश करें। हम सभी काले, लंबे व सिल्की बाल चाहती हैं, लेकिन इसके लिए मार्केट में मिलने वाले महंगे-महंगे प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं। जबकि देसी नुस्खे वास्तव में बेहद काम आते हैं। पुराने समय में हम सभी ने इन नुस्खों का इस्तेमाल किया है, लेकिन आज हम इन्हें भूलते जा रहे हैं। पुराने समय में जब केमिकल प्रोडक्ट्स नहीं थे, उस समय भी बाल लंबे, घने और चमकदार होते थे। हो सकता है कि अब तक आप भी एंटी-डैंड्रफ शैम्पू या हेयर ग्रोथ सीरम में इनवेस्ट करती आई हों। लेकिन अब अगर आप नेचुरल और बजट फ्रेंडली ऑप्शन ढूंढ रही हैं तो आपको इन पुराने हेयर हैक्स को आजमाना चाहिए। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसे ही कुछ हेयर हैक्स के बारे में बता रहे हैं-



**बालों में करें चंपीः** बालों की केयर का सबसे पुराना व आजमाया हुआ नुस्खा है तेल से चंपी करना। आप नारियल, सरसों या आंवला तेल को चुन सकती हैं। इसके लिए आप सबसे पहले तेल को हल्का गुनगुना कर लें। फिर इस तेल से मालिश करें। हल्के गुनगुने तेल से मालिश करने से सिर में ब्लड सकुर्लेशन बेहतर होता है, साथ ही साथ जड़ें मजबूत होती हैं। इससे ना केवल हेयर ग्रोथ होती है, बल्कि बाल अधिक सिल्की व स्मूथ होती है। साथ ही, इससे तनाव भी कम होता है।

**दही का लगाएं हेयर मास्कः** दही को बालों के लिए काफी अच्छा माना जाता है। दरअसल, इसमें प्रोटीन और लैक्टिक एसिड पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है। दही को अगर बालों में मास्क की तरह लगाया जाता है तो इससे ना केवल डैंड्रफ कम होता है, बल्कि बालों का फ्रिज और रूखेपन की समस्या भी दूर होती है। आप दही को बालों में ऐसे ही लगा सकती हैं या फिर इसमें शहद भी मिक्स किया जा सकता है। करीबन आधे घंटे बाद बालों को वॉश कर लें।

**चावल के पानी का करें इस्तेमालः** चावल का पानी एक बहुत पुराना नुस्खा है, जो बालों के लिए काफी अच्छा माना जाता है। फर्मेंटेड चावल के पानी में इनोसिटोल नामक कार्बोहाइड्रेट होता है जो बालों को मजबूत करता है और टूटने से बचाता है। आप इसे शैम्पू के बाद इस्तेमाल कर सकती है। बस चावल का पानी बालों में डालकर 5-10 मिनट छोड़ दें और फिर साफ पानी से उसे धो लें।

**चाय से आएगी बालों में चमकः** अगर आप अपने बालों को शाइनी व ग्लॉसी बनाना चाहती हैं तो ऐसे में चाय का इस्तेमाल करें। दरअसल, ब्लैक टी में टैनिन होते हैं जो नेचुरल शाइन देते हैं और साथ ही साथ, इससे बालों का झड़ना भी कम होता है। वहीं, ग्रीन टी का इस्तेमाल करने से डैंड्रफ कम होता है। इसे इस्तेमाल करने के लिए आप पहले चाय बनाएं और फिर उसे ठंडा कर लें। आखिरी में, शैम्पू के बाद इससे रिंस करें।

# अपनाएं डाइट का नया मंत्र, मूड के हिसाब से बनाएं डाइट और रहें हमेशा हैप्पी-हैप्पी

लो फील करने पर आपको कंफर्ट फूड का सेवन करने का मन करता है। ऐसे में आपको हेल्दी ऑप्शन जैसे डार्क चॉकलेट, केला और बेरीज को चुन सकते हैं। इससे हैप्पी हार्मोन रिलीज होते हैं, जिससे आपका मूड अच्छा होता है।

मूड और फूड का आपस में गहरा कनेक्शन होता है। जब भी हमारा मूड अच्छा नहीं होता है तो कुछ ना कुछ टेस्टी खाने का मन करता है या फिर जब भी हम अपनी पसंद का कुछ खा लेते हैं तो तुरंत ही मूड बदल जाता है। जब कभी थकान होती है तो बस अदरक वाली चाय पीने का मन करता है और जब हम खुश होते हैं तो कुछ मीठा खाना पसंद करते हैं। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि मूड से हमारे फूड का गहरा कनेक्शन होता है। यही वजह है कि मूड-बेस्ड मील प्लान फॉलो करना काफी अच्छा माना जाता है, क्योंकि आप अपने खाने को अपने इमोशन्स से मैच करते हैं और इससे खाना सच में आपके मूड को सपोर्ट करे। आपको यह समझना चाहिए कि खाना सिर्फ पेट भरने के लिए नहीं है, बल्कि यह सीधे दिमाग और हार्मोन्स पर असर डालता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि आप किस तरह मूड बेस्ड डाइट ले सकते हैं-

**स्ट्रेस में खाएं ये चीजें:** जब आप खुद को स्ट्रेस में फील करते हैं तो ऐसे समय में मैग्नीशियम और विटामिन बी से भरपूर चीजें जैसे पालक, ड्राई फ्रूट्स, बीज और ओट्स आदि का सेवन करना चाहिए। ये फूड्स आपके नर्वस सिस्टम को शांत करते हैं और स्ट्रेस हार्मोन कम करते हैं। जिससे आप खुद को रिलैक्स्ड फील करते हैं। इसके अलावा, हर्बल चाय या सूप का सेवन करना भी काफी अच्छा माना जाता है।

**लो फील करने पर खाएं ये चीजें :** लो फील करने पर आपको कंफर्ट फूड का सेवन करने का मन करता है। ऐसे में आपको हेल्दी ऑप्शन जैसे डार्क चॉकलेट, केला और बेरीज को चुन सकते हैं। इससे हैप्पी हार्मोन रिलीज होते हैं, जिससे आपका मूड अच्छा होता है। आप चाहें तो गरम-गरम खिचड़ी, दाल-चावल या वेज पास्ता जैसी चीजों का सेवन भी कर सकते हैं।

**गुस्सा आने पर खाएं ये चीजें:** अगर आपको बहुत अधिक गुस्सा आ रहा है तो ऐसे में आपको कुछ ऐसी चीजों का सेवन करना चाहिए, जिनकी तासीर ठंडी हो। इस दौरान आप खीरा, दही, नारियल पानी और सलाद आदि खा सकते हैं। कोशिश करें कि इस दौरान आप मसालेदार या ऑयली फूड ना खाएं, क्योंकि इससे आप अधिक इरिटेटिड महसूस करेंगे।



# पीस पार्टी का जोरदार विस्तार, एमआईएम के दर्जनों कार्यकर्ता शामिल

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**बिजनौर :** पीस पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक मोहल्ला सराय मीर, नगीना में आयोजित की गई। इस बैठक में क्षेत्रीय राजनीति में एक बड़े बदलाव के संकेत मिले, जब एमआईएम पार्टी के दर्जनों कार्यकताओं ने पीस पार्टी में सामूहिक रूप से शामिल होने का फैसला किया। मुख्य अतिथि पीस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव राशिद उमर मदनी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वसीम अहमद मंसूरी ने की एवं संचालन जाहिद अंसारी ने किया। जिला अध्यक्ष इफ्तेखार हुसैन ने राशिद उमर मदनी का फूल मालाओं से स्वागत किया। एमआईएम के विधानसभा अध्यक्ष मोबीन अहमद उर्फ गुड्डू साहब ने अपने दर्जनों समर्थकों के साथ पीस पार्टी की



सदस्यता ग्रहण की। उन्हें पार्टी की जिला टीम में शामिल किया गया। अल्ताफ अली, मोहम्मद सोहेल, मोहम्मद शावेज, मोहम्मद मोबीन, मोहम्मद उस्मान, नौशाद अली सहित कई अन्य लोगों ने भी पार्टी ज्वाइन की। जिला अध्यक्ष इफ्तेखार हुसैन ने सलीम अहमद को नगर अध्यक्ष और खलील अहमद को नगीना विधानसभा अध्यक्ष मनोनीत किया। जिला अध्यक्ष इफ्तेखार हुसैन ने कहा पीस पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी वर्गों के हक की बात करती है। लेकिन पीस पार्टी भारत के सभी मजलूमों, चाहे वे किसी भी धर्म या वर्ग के हों, इंसाफ दिलाने के लिए संघर्ष कर रही है। राष्ट्रीय महासचिव राशिद उमर मदनी ने अपने संबोधन में कहा कि आगामी जिला पंचायत चुनाव और 2027 के विधानसभा चुनाव में पीस पार्टी मजबूती से चुनाव लड़ेगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं से घर-घर जाकर पार्टी का संदेश पहुंचाने और तन-मन-धन से पार्टी का सहयोग करने का आह्वान किया। इस मौके पर तस्लीम मंसूरी, डॉ. रईस साहब, युवा जिला अध्यक्ष साहिर मलिक, जमीर अहमद, रईस कुरैशी, राशिद अंसारी आदि ने भी अपने विचार रखे।

# फादरसन पब्लिक स्कूल में विज्ञान परियोजना प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**चांदपुर :** फादरसन पब्लिक स्कूल में आज अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) और विज्ञान परियोजना प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने अपनी अद्वितीय रचनात्मकता और नवाचार का शानदार प्रदर्शन किया। स्कूल के प्रधानाचार्य ने छात्रों की अद्भुत कल्पनाशक्ति और वैज्ञानिक सोच की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य के उत्कृष्ट नव निमार्ताओं की उपाधि दी। विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने पर्यावरण, तकनीक व स्वास्थ्य पर आधारित नवीन मॉडलों और प्रयोगों से सभी का ध्यान आकर्षित किया स्मार्ट टैक्नोलॉजी, प्रोजेक्ट्स एवं व्यवहारिक गतिविधियों ने कार्यक्रम को जीवंत बना दिया, जिससे बच्चों का वैज्ञानिक दृष्टिकोण स्पष्ट दिखा। प्रधानाचार्य ने अपने प्रेरणादायक शब्दों में कहा कि बाल विवेक और सृजनात्मकता समाज का भविष्य है। जिस प्रकार आपने रचनात्मकता और मेहनत का परिचय दिया है, वह अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को इस मौके पर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने का आह्वान किया। अभिभावकों ने विद्यार्थियों के प्रयासों को देख गर्व महसूस किया। साथ ही अपने विचार साझा किए कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में नवीनतम सोच और खोज की प्रेरणा मिलती है। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना, जिसने उनमें विज्ञान के प्रति लगाव और आत्मविश्वास को गहराई प्रदान की. स्कूल परिवार ने सभी को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।

# पुलिस अधीक्षक, रामपुर एवं अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा थाना गंज का किया गया आकस्मिक निरीक्षण



**वेलकम इंडिया**

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक, रामपुर एवं अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा थाना गंज का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय पर बने अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, मालखाना रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर, फ्लाई शीट आदि एवं उनके रख रखाव, साफ-सफाई, उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टियों को चैक किया गया, साथ ही थाना परिसर में बने साइबर सेल, कम्प्यूटर कक्ष, कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, बैरक, भोजनालय, मालखाना आदि एवं विभिन्न पॉर्टल पर की जाने वाली फीडिंग व साइबर सेल की कार्यप्रणाली का निरीक्षण किया गया एवं सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

# नरसिंह देवता पर श्रद्धालुओं ने प्रसाद चढ़ाकर मांगी मनोकामनाएं



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर :** नूरपुर के समीपवर्ती गांव नाहरसिंह में प्राचीन समय से लगते आ रहे ऐतिहासिक नरसिंह देवता के मेले में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद चढ़ाकर मनोकामनाएं मांगी। नूरपुर से लगभग 3 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम नाहर सिंह में प्राचीन काल से नरसिंह भगवान के मंदिर पर विशाल मेले का आयोजन होता आ रहा है जिसमें नारियल (गोले) का प्रसाद चढ़ाया जाता है। क्षेत्र के बजुर्गो के मुताबिक प्राचीन काल में भगवान विष्णु के अवतार नरसिंह भगवान ने हिरना कश्यप का वध करने के बाद भ्रमण पर निकले थे। भ्रमण के दौरान नरसिंह भगवान कुछ समय के लिए इसी स्थान पर रुके थे। जिसके कारण से इस गांव का नाम नरसिंह रखा गया। जो वर्तमान में इस गांव को नाहरसिंह के नाम से जाना जाता है। तथा यहां पर पीपल का प्राचीन वृक्ष है। मान्यता है कि इस दिन मेले में नारियल (गोले) का प्रसाद चढ़ाकर मनोकामना मांगी जाती है। नरसिंह भगवान मांगी गई मनोकामना को पूर्ण करते हैं। तथा जिसमें लाखो श्रद्धालु प्रसाद चढ़ाते हैं। भाद्रपद माह की अमावस्या की दोएज के बाद आने वाले प्रथम रविवार को प्रसाद चढ़ता है। प्राचीन काल से हर वर्ष यहा मेला आयोजित होता है। इस मौके पर मेला आयोजन समिति के अशोक धनकड, जितेंद्र चौधरी, वीरपाल सिंह, कपिल धनकड, विनीत धनकड़, राहुल चौधरी, शुभम निर्वाल, सचिन धनकड़, सुमेर सिंह सैनी, आदि गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# अपनेअपने बूथ पर मन की बात नए अंदाज में नए भारत की बात



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

बिजनौर नजीबाबाद भाजपा कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री जी के मन की बात कार्यक्रम का 125 वां एपिसोड अपने-अपने बूथ पर सुना भारतीय जनता पार्टी भागूवाला मंडल अध्यक्ष कमल सैनी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकताओं ने अपने-अपने बूथ पर मन की बात, नए भारत की बात आज नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र के भागूवाला मंडल के बूथ संख्या 110 राजारामपुर तुलसी पर चेयरपर्सन किसान सहकारी समिति सनोज देवी के आवास पर अरविन्द विश्वकर्मा, डा रितेश सैन, सुमित गुर्जर छतरपाल सिंह, बूथ संख्या 111 मुस्सेपुर पर राशन डीलर अनीता देवी के आवास पर वरिष्ठ भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह, अमित कुमार, बेबी रानी, युवी चौधरी, तनिष्का सिंह, शिव्यांजली चौधरी, आन्या सिंह, मंडावली में ओम चौधरी हॉस्पिटल पर अनुज चौधरी, नीरज कुमार, डॉ चरण सिंह, रवींद्र देशवाल 200 मौजमपुर तुलसी गड़ी जिला मंत्री अनुसूचित मोर्चा गायत्री निराला 99 हकुमतपुर केशो पर नौबहार सिंह 164 बुड्ढी सरदार मंजीत सिंह 130 खलीलपुर डॉ मयंक चौहान, सुनील कुमार 131 पूर्व प्रधान हितेश राजपूत 132 व 133 अमानुल्लापुर पर पंडित शशि नाथ, विकास चौधरी सहानपुर पर सचिन देशवाल रवा पूरी में पूर्व मंडल देश राजकुमार प्रजापति ने विश्व के सबसे शक्तिशाली लोकतंत्र के नायक, यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के ₹मन की बात₹ कार्यक्रम के 125 वें संस्करण को भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ता बंधुओं एवं देवतुल्य क्षेत्रीय जनो के साथ सुना चौधरी ईशम सिंह ने सभी कार्यकताओं का आह्वान किया कि वे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री द्वारा देश को विश्व की चौथी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनाने के साथ-साथ विश्व गुरु बनाने की ओर अग्रसर है।

# नगीना में आयोजित पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल नगर इकाई का चुनाव सम्पन्न

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर की नगीना में पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल ने कहा कि उनका संगठन पूरी तरह से गैर राजनीतिक संगठन है, जिसमें सभी विभिन्न पार्टियों में विश्वास रखने वाले व्यापारियों को बराबर सम्मान दिया जाता है। उन्होंने दावा किया कि गलत काम करने वाले किसी भी व्यक्ति को संगठन में स्थान नहीं दिया जाता है शनिवार की रात्रि धामपुर रोड स्थित रॉयल रिसोर्ट के सभागार में पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला स्तरीय चुनावी व्यापारी सम्मेलन का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि व अध्यक्ष संघ के जिला अध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील व व्यापारी नेता मुकुल अग्रवाल ने किया। मुख्य अतिथि शेख शाहनवाज खलील ने कहा कि उन्होंने हमेशा सभी वर्गों के साथ-साथ व्यापारी वर्ग का भी पूरा ध्यान रखा है। उन्होंने कहा कि उनके परिवार हमेशा से हर समस्या के समाधान में सबसे आगे खड़ा रहता है। व्यापारियों की भी किसी समस्या के लिए




उनके घर के दरवाजे हमेशा खुले हैं। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के तौर पर अपना संबोधन करते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉक्टर अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि व्यापारी वर्ग हमेशा अपने व्यापार में व्यस्त रहता है। व्यापारियों को एकजुट करने के लिए ऐसे कार्यक्रम होते रहने चाहिए। उन्होंने मजबूती के साथ दावा किया कि व्यापारी वर्ग केवल अपने व्यापार पर ध्यान दें, सुरक्षा की जिम्मेदारी वह और उनकी पुलिस पूरी तरह निभाने के लिए तत्पर है। इस मौके पर सत्यकाम विश्नोई को जिला प्रभारी, विनीत राजपूत बिजनौर जिलाध्यक्ष अंकुर जैन शेरकोट जिला महामंत्री, तस्लीम अहमद सिद्दीकी नजीबाबाद जिला कोषाध्यक्ष, जिला प्रभारी युवा संदीप जोशी नूरपुर जिला अध्यक्ष युवा पवन यादव नगीना जिला महामंत्री युवा वासुअग्रवाल, जिलाध्यक्ष महिला निवासी नहटौर डॉ0 उर्मिला पाल, जिला महामंत्री महिला रूपा शर्मा, जिला उपाध्यक्ष बाबर अली उस्मानी, दीपक मल्होत्रा आदि मौजूद रहे।

# गीत गजल संगम एकेडमी नजीबाबाद की एक शेरी महफिल आयोजित

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**बिजनौर नजीबाबाद।** गीत गजल संगम एकेडमी नजीबाबाद की एक शेरी महफिल आयोजित की गई। जिसमें शायरों ने अपना उम्दा कलाम पेश कर खूब दाद बटोरी। वक्ताओं ने दिलों को जोड़ने वाली शायरी करने पर जोर दिया। शफीक नगर स्थित मौलाना अकरम कासमी के निवास पर आयोजित शैरी महफिल को संबोधित करते हुए महफिल के अध्यक्ष उस्ताद शायर वाहिद जमाल ने कहा कि आज समाज को दिलों को जोड़ने वाली शायरी की जरूरत है। उन्होंने कहा इस तरह की शायरी से शायरों को बचना चाहिए जो नफरतें पैदा करती है। उन्हों ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि जो नए कलम कार है वह उस्ताद शायरों को खूब पढ़ें और समझे कि हमसे पहले उस्तादों ने कैसा कहा है फिर अपनी फिक्र के साथ शेर कहे। और




समाज को एक नई सोच के साथ दिशा देने का काम करें। उन्होंने ने अदबी महफिलों से बहुत कुछ सीखने को मिलता है। मुख्य अतिथि कारी अहसान, और कारी फैजुल हसन ने अपने खिताब में कहा कि उर्दू महफिलों के आयोजनों से उर्दू अदब को बढ़वा मिलता है इस लिए ऐसी महफिल समय समय पर आयोजित होनी चाहिए। शैरी महफिल का आगाज कारी शोएब नफीस की नाते पाक से हुआ। डॉक्टर आफताब नोमानी का कलाम तुम्हें मजलूमों की आहों का अंदाजा नहीं शायद। ये वोह ताकत है जो ताजे हुकूमत छीन लेती है। डॉक्टर नसीम अख्तर ने कहा मां चली गई जब से नींद नहीं आती। लोरियां सुनाने को कोई भी नहीं आता। सुहैल शाहब शम्सी ने कहा। छोटा सा आशियाना भी हिस्सों में बट गया।

# इंटर कालेज में बैठक का आयोजन किया गया




**वेलकम इंडिया**

बुलंदशहर रविवार को माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट बुलंदशहर की बैठक का आयोजन किया गया। सौदान सिंह इण्टर कॉलेज ताल बिबयाना में एक बैठक आयोजित हुई जिसमें बहुत लोगों ने प्रतिभाग किया अध्यापकों की समस्या सुनी उनका समाधान के लिए डीआईओएस से मिलेंगे सदस्यता के लिए प्रेरित किया। जिसमें अध्यक्ष परम सिंह अध्यापको के ट्रांसफर की रुकी फाइलों को सरकार तुरंत निस्तारण करे, जिला मंत्री धर्मेंद्र सिंह ने कहा संगठन को और मजबूत बनायेगे अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अन्य किसी भी अध्यापक पर अत्याचार बर्दाश्त नही होगा मंडल अध्यक्ष बृजभूषण शर्मा ने सभी को संगठन से जुड़ने को आग्रह किया इस मौके पर डॉ राकेश कुमार अजीत कुमार आज्ञा राम मनोज यादव सहित सभी सम्मनित लोग उपस्थित रहे।

# रामपुर की ऐतिहासिक सौलत पब्लिक लाइब्रेरी का 91वें स्थापना दिवस मनाया गया

**वेलकम इंडिया**

**रामपुर।** रामपुर की ऐतिहासिक सौलत पब्लिक लाइब्रेरी के 91वें स्थापना दिवस के मौके पर लाइब्रेरी के हिमायतुल्लाह खान हाल में नाते पाक सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न मदरसों एवं स्कूलों के 82 छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया। यह नात का मुकाबला जूनियर और सीनियर दो ग्रुपों में कराया गया। प्रोग्राम की अध्यक्षता डा. महमूद अली खान अध्यक्ष सौलत पब्लिक लाइब्रेरी रामपुर ने की जबकि मुख्य अतिथि के रूप में मौलाना मोहम्मद असलम जावेद कासमी जिला अध्यक्ष जमीयत उलेमा हिंद



रामपुर मौजूद रहे। आज सुबह कुरान ख्वानी के बाद सौलत पब्लिक लाइब्रेरी के संस्थापक सौलत अली खान, सभी मरहूम पूर्व अध्यक्ष एवं सेक्रेटरी एवं विशेष रूप से मुफ्ती ए आजम व शहर इमाम मौलाना महबूब अली कादरी वजीही के लिए दुआए मगफिरत की गई। नात प्रतियोगिता के प्रारंभ से पूर्व अध्यक्ष सौलत पब्लिक लाइब्रेरी डा.महमूद अली खान ने इमामे शहर और मुफ्ती आजम मौलाना महबूब अली कादरी वजीही के निधन पर गहरे रंज ओ गम का इजहार करते हुए उनकी जिंदगी पर तफसील से रोशनी डाली और मरहूम मुफ्ती साहब के लिए सामूहिक दुआ कराई। नात प्रतियोगिता में जज के रूप में मशहूर शायर नईम नजमी, हसन आफंदी, मजहर मियां मजहर रामपुरी, अब्दुल अहद खान आजर नोमानी, अजीज बकाई, आले अहमद खान सुरूर मौजूद रहे। इस मौके पर छात्र एवं छात्राओं ने अनूठे एवं सुरीले अंदाज में नाते पाक पेश की जिसने माहौल को बहुत पाकीजा और नूरानी बना दिया। नात प्रतियोगिता में संचालन की जिम्मेदारी हुसैन मंजूर ने अंजाम दी। इस मौके पर नात प्रतियोगिता के कन्वीनर डॉक्टर मेहंदी हसन व डॉक्टर सैयद जाफर शाह ने सभी मेहमानों का स्वागत किया।

# हाउस टैक्स एवं वॉटर टैक्स संबंधी समस्याओं का जल्द ही हल निकलेगा उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल पर भरोसा रखें: शैलेंद्र शर्मा

**वेलकम इंडिया**

**रामपुर।** बीती रात सिविल लाइंस स्थित आदर्श धर्मशाला में क्षेत्रीय निवासियों एवं व्यापारियों के साथ उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की हाउस टैक्स एवं वॉटर टैक्स संबंधी चिंताओं और समस्याओं को लेकर एक बड़ी मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें भारी तादाद में व्यापारी और उक्त क्षेत्र के निवासी सम्मिलित हुए।

सभा में बोलते हुए व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा जी ने सभी को आश्वस्त करते हुए कहा कि व्यापारी एवं आम जनता उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल पर भरोसा रखें उन्हें धोखा नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि हाउस टैक्स एवं वॉटर टैक्स संबंधी समस्याओं का शीघ्र ही हल निकलेगा। नगर पालिका प्रशासन की मनमानी, अंधाधुंध बढ़ोतरी और अड़ियल रवैये को किसी भी कीमत स्वीकार नहीं किया जाएगा इसके विरोध में हम लगातार संघर्ष करते रहेंगे और परिणाम हासिल कर के ही रहेंगे। नगर पालिका नियम और कानून के अनुसार ही हाउस टैक्स और वॉटर टैक्स में वृद्धि कर सकती है इस प्रकार सौ गुना और दो सौ गुना बढ़ोतरी करना बिल्कुल न्याय के विपरीत है जिसे किसी कीमत स्वीकार नहीं किया जा सकता। गोलमोल तरीके से तथ्य छिपा कर पुरानी तारीखों में लगातार नोटिसें जारी कर छल किया जा रहा है इसकी गहन जांच होनी चाहिए।



# खुले में ढोया जा रहा कूड़ा

## एनजीटी के नियमों की खुलेआम उड़ाई जा रही धज्जियाँ

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़।** शहर में स्वच्छता अभियान केवल दिखावे तक ही सीमित रह गया है। नगर पालिका द्वारा प्रतिदिन कचरे का उठाव किया जा रहा है, लेकिन यह कार्य एनजीटी (नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल) के स्पष्ट दिशा-निदेशों का उल्लंघन करते हुए किया जा रहा है। स्थिति यह है कि कचरा ढोने वाले वाहन खुले होते हैं, जिससे पूरे रास्ते में कूड़े की बदबू और गंदगी फैलती है।

जहाँ एक ओर सरकार स्वच्छ भारत जैसे अभियानों पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, वहीं दूसरी ओर जमीनी स्तर पर जिम्मेदार संस्थाएँ ही नियमों की धज्जियाँ उड़ा रही हैं। एनजीटी के नियमों के अनुसार कचरे को ढके हुए वाहनों से ले जाना अनिवार्य है, ताकि पर्यावरण प्रदूषण को रोका जा सके।

परंतु हमारे नगर में यह नियम पूरी तरह से नजरअंदाज किया जा रहा है। खुले ट्रॉली या डंपर से कूड़ा उठाकर मुख्य मार्गों से गुजारा जाता है,जिससे राह चलते लोगों को दुर्गंध और उड़ती धूल का सामना करना पड़ता है। गीले कचरे का रस सड़क पर टपकता रहता है, जो न केवल बदबू फैलाता है बल्कि मच्छरों और संक्रमण का कारण भी बनता है। इससे डेंगू, मलेरिया और अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है यह घोर लापरवाही है और आम जनता के स्वास्थ्य के साथ सीधा खिलवाड़ है।

# अंकित शर्मा भाकियू देशहित पश्चिम उत्तर प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़।** भारतीय किसान यूनियन देशहित के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनजीत चौधरी एवं संगठन संस्थापक संरक्षक नीरज गुर्जर ने श्यामपुर निवासी अंकित शर्मा पुत्र सुरेंद्र सिंह शर्मा को उनकी कार्यशैली और कुशल व्यहवार के साथ उनकी संघर्षीलता को देखते हुए पश्चिम उत्तर प्रदेश का अध्यक्ष नियुक्त किया गया जो भविष्य के लिए संस्था के उद्देश्य को सफल बनाने में सहयोग करेंगे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजू चौधरी ने कहा कि जीत और जवानी चलती है उसे ओर जमाना चलता है।

नवनियुक्त पश्चिम प्रदेश के अध्यक्ष अंकित शर्मा ने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी मुझे दी है मैं उसे तन मन धन से निभाने के लिए तैयार हूं इस अवसर पर सुमित मावी, मुकेश शर्मा, दिलशाद चौधरी, सदमान नंबरदार, इमरान खान, रोहित जाटव, पवन सैनी, बॉबी शर्मा, कपिल सिरोही, अंकुर गुर्जर, अंकित शर्मा के साथ सुरेंद्र शर्मा, अनुज शर्मा, अर्पित, गौरव, तरुण शर्मा, भानु शर्मा, विशाल शर्मा, सचिन, अनिल, निशांत, आकाश, अजीत, हरजीत, आशु, मनीष, संदीप, सुमित, राहुल शर्मा, गौरव शर्मा, मोनू समेत भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# जेएमएस ने फिर लहराया परचम




**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़।** डी.आर. इंटरनेशनल स्कूल में खेल निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के तत्वाधान में जिला खेल कार्यालय द्वारा पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर जे.एम.एस. वर्ल्ड स्कूल, हापुड़ के छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। 29 अगस्त 2025 को जे.एम.एस. वर्ल्ड स्कूल, हापुड़ में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए एक हॉकी टूनामेंट का आयोजन किया गया। फाइनल मैच में जे.एम.एस. वर्ल्ड स्कूल, हापुड़ की टीम ने एस.ए. इंटरनेशनल स्कूल, निजामपुर को 3-1 के पेनल्टी शूटआउट में हराकर गोल्ड मेडल प्राप्त किया।30 अगस्त 2025 को आयोजित जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भी जे.एम.एस. ने सबसे अधिक मेडल जीतकर चैंपियनशिप अपने नाम की।सौम्या चौधरी 200 व 800 में गोल्डसिद्धि त्यागी लॉन्ग जंप में गोल्डअभी बाना लॉन्ग जंप में गोल्ड यश तेवतिया शॉट पुट में गोल्डअमन बाना लॉन्ग जंप में सिल्वर

शौर्य चौहान ब्रॉन्ज इस गौरवपूर्ण अवसर पर हापुड़ जिले की स्पोर्ट्स ऑफिसर सुश्री अरुणा, जे.एम.एस. वर्ल्ड स्कूल, हापुड़ के मैनेजिंग डायरेक्टर डा. आयुष सिंघल, प्रधानाचार्य डा. निधि मलिक, स्पोर्ट्स ऑफिसर दीपांशु गर्ग तथा खेल प्रशिक्षक गीता त्यागी उपस्थित रहे और छात्रों का उत्साहवर्धन किया। जे.एम.एस. परिवार अपने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर गर्व महसूस करता है।

# डिजिटल क्रॉप सर्वे में सुस्ती नहीं चलेगी, डीएम बोले- 6 सितम्बर तक सभी आईडी करें एक्टिव

**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**



**बरेली।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने साफ चेतावनी दी है कि डिजिटल क्रॉप सर्वे में ढिलाई किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने कहा कि यह योजना सरकार की टॉप प्रायोरिटी में है और जो भी लापरवाही करेगा, उसकी जिम्मेदारी तय की जाएगी। कलेक्ट्रेट सभागार में हुई समीक्षा बैठक में डीएम ने नाराजगी जताई कि कुछ तहसीलों में अब तक सर्वे आईडी एक्टिव ही नहीं हो सकी हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों को आदेश दिया कि 6 सितम्बर तक हर हाल में सभी आईडी चालू हो जानी चाहिए। बैठक में डीएम ने कहा कि सर्वे में लगे कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाना जरूरी है, तभी तय समय पर काम पूरा हो सकेगा। उन्होंने एडीओ पंचायतों को हफ्ते में कम से कम एक बार फील्ड विजिट करने और उपजिलाधिकारियों को रोजाना प्रगति की मॉनिटरिंग करने को कहा। इस मौके पर सीडीओ देवयानी, एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह, जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार यादव, डीसी मनरेगा हसीब अंसारी, जिला पंचायत राज अधिकारी कमल किशोर, जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी समेत सभी एसडीएम मौजूद रहे।

# फेसबुक पर बाबा साहेब अम्बेडकर का आपत्तिजनक वीडियो डालने से मचा बवाल




**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**

**बरेली।** हाफिजगंज थाना क्षेत्र के जासपुर गांव में फेसबुक पर डाले गए विवादित वीडियो ने माहौल गरमा दिया है। गांव के ही युवक रोहित कुर्मी पुत्र छेदालाल गंगवार पर आरोप है कि उसने अपनी फेसबुक आईडी से डॉ. भीमराव आंबेडकर की फोटो एडिट कर आपत्तिजनक वीडियो बनाए और उन्हें स्टेटस पर लगाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। ग्रामीणों के मुताबिक, एक वीडियो में बाबा साहेब को मारते हुए दिखाया गया है, जबकि दूसरे में उन्हें नाली साफ करते हुए दिखाया गया। इन वीडियो को देखने के बाद गांव में लोगों की भावनाएं आहत हुईं और आक्रोश फैल गया। गांव के ही भीम आर्मी नेता सुनील गौतम पुत्र हरपाल ने थाने में दी गई तहरीर में बताया है कि जब उन्होंने रोहित को इस तरह की हरकत बंद करने को कहा, तो उसने बात मानने से साफ इनकार कर दिया। इसको लेकर गांव में तनाव का माहौल है और समाज में गहरी नाराजगी है। फिलहाल पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## घायल ही निकला मास्टरमाइंड, एक दिन पूर्व हुई घटना

# फायरिंग की घटना मे शामिल 2 अभियुक्त गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**




**हापुड़।** जनपद पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञान्जंय सिंह ने प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि थाना हाफिजपुर प्रभारी निरीक्षक आशीष पुंडीर ने पुलिस टीम के साथ मिलकर नवादा अंडरपास के पास एक दिन पूर्व हुई फायरिंग की घटना का पदार्फाश कर 2 अभियुक्तों जमालू व फुरकान को रामपुर रोड पर गंदे नाले से गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे निशानदेही से घटना में प्रयुक्त अवैध पिस्टल मय 3 जिन्दा व 3 खोखा कारतूस, 2 मोबाइल फोन, मोटर साइकिल में स्कूटी बारामद की है उक्त घटना में घायल हुए मुन्साद ही निकला मास्टमाइंड जिसने एक दिन पूर्व हुई रची फायरिंग की घटना और जमालू व फुकरान से अपने पेट की खाल को पकड़ कर गोली चलवा दी थी और जमालू द्वारा पुलिस को सूचना देकर पुलिस को गुमराह कर पैसे के लेनदेन को लेकर पूर्व से चल रहे विवाद को लेकर विपक्ष गोली मारकर फरार हो गए। घायल मुनसाद को पुलिस द्वारा देव नंदिनी नहॉस्पिटल में भर्ती कराया था और उसकी गंभीर हालत को देखकर डॉक्टरों द्वारा मेरठ रेफर कर दिया था जिसका मेरठ में चल रहा है और सपा नेता याद इलाही कुरैशी ने थाने में तहरीर देकर अपने भतीजे पर फायर करने वाले लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। बताते चलें 26 मई 2025 को थाना हापुड़ देहात पर राहिल द्वारा घायल मुन्साद के विरुद्ध मु0अ0सं0 180/25 धारा 115(2), 110, 351(3), 123, 191(2) बीएनएस पंजीकृत कराया गया था। थाना हापुड़ देहात पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग के वादी पक्ष पर दबाव बनाने हेतु घायल मुन्साद ने अपने साथियों के साथ मिलकर स्वयं पर फायरिंग करायी थी।

# बोहाला में सातों-आठों पर्व की धूम

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर।** काफलीगैर तहसील के बोहाला गांव में सातों आठों पर्व धूमधाम से मनाया गया।मेले में दूरदराज क्षेत्रों से सैकड़ों लोगों ने मेले में पहुंचकर मेले को भव्य बनाया।मेले का स्थानीय विधायक पार्वती दास ने शुभारंभ किया।मेला कमेटी के अध्यक्ष और क्षेपं सदस्य बहादुर सिंह मेहता और मेला कमेटी के सदस्यों ने पुष्प गुच्छ देकर मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया। वही मेले को भव्य बनाने के लिए कमेटी द्वारा भव्य रंगारंग कार्यक्रमो का आयोजन किया गया।

मेले में लोककलाकारों ने अपनी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से से सभी मेलार्थियों का मन मोह लिया।लोकगायिका मीना उपाध्याय, सहित अन्य कलाकारों ने मेले में अपनी प्रस्तुति दी।मेले के भव्य आयोजन के लिए मुख्य अतिथि विधायक पार्वती दास ने मेला कमेटी के प्रयासों की सराहना की।और मेलाकमेटी को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया।

इस दौरान लोगों ने क्षेत्र की समस्याओ का भी ज्ञापन विधायक को सौपा।विधायक ने जल्द क्षेत्र वासियों की सड़क और अन्य समस्याओं का शीघ्र समाधान करने का भरोसा दिया।कहा कि क्षेत्र में कुछ सड़क वन भूमि क्षेत्र से फारेस्ट क्लियररेंस नही मिल पाने से नही बन पाई है जिन्हें शीघ्र क्लियररेंस देने, जल्द सड़क निर्माण कराने हेतु प्रयास किया जा रहा है।मेला ऐतिहासिक है। इस दौरान मेले में विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि भाष्कर दास,वेदाचार्य पूरन चंद्र उपाध्याय, ज्येष्ठ प्रमुख प्रमोद कुमार,मेला कमेटी संरक्षक ग्राम प्रधान मोहन सिंह असवाल,गोविन्द सिंह रावत, पूर्व जिपं सदस्य चंदन रावत, पूर्व क्षेपं सदस्य कुंदन रावत,कोषाध्यक्ष दर्शन मेहता, सन्तोष मेहता,संचालक पप्पू असवाल,पूर्व प्रधान पूरन सिंह असवाल, हरीश मेहता, भूपेंद्र मेहता आदि मौजूद रहे।

# बिना तलाक दूसरी शादी , लोन और 30 लाख की गई डिमांड

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** विवाह के पवित्र रिश्ते को तोड़कर जालसाजी का ऐसा खेल रचा गया कि बरेली से गुड़गांव और ऑस्ट्रेलिया तक उसकी गूंज दिखाई देनी लगी। ये मामला एक मल्टीनेशनल कंपनी में कार्यरत युवती का है, जिसने ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया ट्रांसपोर्ट में मैनेजर पति को बिना तलाक दिये ही बैंक ऑफ अमेरिका में काम करने वाले युवक से दूसरी शादी कर ली। इतना ही नहीं, उसने कोर्ट को भी गुमराह कर पूर्व पति से 30 लाख रुपये की डिमांड भी ठोक डाली। लेकिन मां की शिकायत पर इज्जतनगर थाना पुलिस ने पिता-पुत्री पर मुकदमा दर्ज कर 28 अगस्त 2025 को सीजेएम कोर्ट में धोखाधड़ी और जालसाजी की चार्जशीट दाखिल कर दी।

जानकारी के अनुसार बरेली के कूर्मांचल नगर निवासी कैलाश नयाल की शादी 8 मार्च 2011 को इज्जतनगर सनसिटी विस्तार निवासी स्वाति भाकुनी से हुई थी। शादी के बाद कैलाश ऑस्ट्रेलिया चले गये जबकि पत्नी ने बीमारी का बहाना बनाकर वहां जाने से इनकार कर दिया। 2013 में स्वाति ने दहेज उत्पीड़न का मुकदमा ठोंक दिया। दोनों परिवारों में बैठकों के दौरान 12 लाख रुपये पर समझौता तय हुआ, मगर तलाक से पहले ही एडवांस चेक बैंक में डाल दिये गये।

कैलाश ने चेक कैंसिल कराये तो उन पर उल्टा चेक बाउंस का केस ठोक दिया गया। इज्जतनगर थाना पुलिस की जांच में खुलासा हुआ कि मई 2022 में स्वाति ने तलाक लिये बगैर दिल्ली विकासपुरी निवासी देवेंद्र सिंह रौतेला से दूसरी शादी कर ली। देवेंद्र बैंक ऑफ अमेरिका गुड़गांव में कार्यरत हैं। दोनों ने मिलकर दिल्ली की पंजाब नेशनल बैंक शाखा से 88 लाख रुपये का लोन भी लिया। जांच में बैंक डॉक्यूमेंट्स और जॉब लेटर्स से साफ हो गया कि स्वाति ने दूसरी शादी को छुपाकर कोर्ट और पुलिस को गुमराह किया। दूसरी शादी और नौकरी करने के बावजूद स्वाति ने पूर्व पति कैलाश नयाल के खिलाफ कोर्ट में भरण-पोषण का केस ठोक दिया और 30 लाख रुपये की मांग रख दी। पुलिस ने जब मामले की तहकीकात की तो दूसरी शादी की सच्चाई सामने आ गई। विवेचक दरोगा नितिन शिरीष ने जांच में पाया कि स्वाति भाकुनी ने बिना तलाक लिये दूसरी शादी की। पंजाब नेशनल बैंक के लोन दस्तावेजों में देवेंद्र सिंह रौतेला ने स्वाति को अपनी पत्नी दिखाया है। इन्हीं साक्ष्यों के आधार पर इज्जतनगर पुलिस ने पिता महेंद्र सिंह भाकुनी और बेटी स्वाति भाकुनी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी।

# नंदा उप जात यात्रा महाआठो पर्व विशाल भंडारे के साथ संपन्न

**कपकोट(बागेश्वर) गणेश उपाध्याय।** कपकोट ब्लॉक के उच्च हिमालयी क्षेत्र के पिंडर घाटी के बदियाकोट ग्राम पंचायत की खूबसूरत पहाड़ी पर स्थित आदि बद्री भगवती माता के पावन धाम में नंदा उप जात यात्रा महाआठो पर्व आज विशाल भंडारे के साथ संपन्न हो गया है कपकोट ब्लॉक के सैकड़ों गांवों के अलावा कुमाऊं और गढ़वाल के विभिन्न हिस्सों से भारी संख्या में पहुंचे लोगों की शनिवार की शाम से ही खाशी भीड़ जमा होने लगी आज सुबह मंदिर क्षेत्र पूजार्थियों से खचाखच भर गया श्रद्धालुओं ने मंदिर में पूजा पाठ कर मैय्या से मन्नत मांगी कई लोगों ने मन्नत पूरी होने पर मंदिर में पूजा के काम आने वाले वस्तु के साथ हीं चुनरी आदि अर्पित किए अपराह्न शिमकन्या से बनी देवी की मूर्ति मूर्ति की गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा निकालकर पवित्र स्थान पर विसर्जित कर दिया।

# प्लॉट और बुलेट न देने पर विवाहिता को पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने की कोशिश

**वेलकम इंडिया/मोहम्मद खालिद**

**पति समेत 11 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज**

**बरेली।** आंवला क्षेत्र की एक विवाहिता ने ससुरालियों पर दहेज में प्लॉट और बुलेट मोटरसाइकिल न देने पर जान से मारने की कोशिश का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि शादी के बाद से ही पति और घरवाले लगातार उससे अतिरिक्त दहेज की मांग कर रहे थे और मांग पूरी न होने पर उसे प्रताड़ित किया जाता था। पीड़िता की शादी 8 जुलाई 2004 को शाहजहांपुर के गांव पचदेवरिया निवासी विपिन से हुई थी। मायके पक्ष का कहना है कि शादी में आठ लाख रुपये खर्च कर मोटरसाइकिल, फर्नीचर, वाशिंग मशीन, फ्रिज, तीन लाख रुपये नकद और सोने-चांदी के जेवर दिए गए थे। इसके बावजूद पति विपिन, ससुर रामसरन, सास शांति, सौतेली सास रत्ना समेत अन्य परिजन खुश नहीं हुए और बार-बार बुलेट मोटरसाइकिल व दिल्ली में एक प्लॉट की मांग करने लगे। आरोप है कि शुक्रवार सुबह करीब छह बजे ससुरालियों ने उसे कमरे में बंद कर पेट्रोल डालकर आग लगाने की कोशिश की। इस दौरान ननद मधु और शीतल ने उसके बाल पकड़कर घसीटा, जबकि पति विपिन और ससुर रामसरन ने लात-घूंसों से पीटा। नंदोई बब्लू ने धमकी दी कि इसे छोड़ दो, मैं विपिन की दूसरी शादी कराऊंगा। महिला किसी तरह जान बचाकर बाहर निकली। घटना के बाद महिला को कपड़ों समेत घर से बाहर निकाल दिया गया। जब उसके पिता पहुंचे तो उन्हें भी गालियां दी गईं और धमकी दी गई कि अगर दहेज में प्लॉट और बुलेट नहीं दी तो विपिन की दूसरी शादी कर देंगे। पीड़िता ने पति विपिन सहित ससुराल के 11 लोगों पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट और हत्या की कोशिश का आरोप लगाते हुए आंवला थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# पुलिस ने कच्ची शराब के साथ दो युवक को किया गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**



**बरेली।** किला थाना क्षेत्र के साथ सीबीगंज थाने की पुलिस ने अवैध कच्ची शराब की तस्करी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए अपने अपने क्षेत्र में 10-10 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। जिसके बाद आरोपियों की मौके से गिरफ्तारी कर आबकारी अधिनियम की धारा 60 (1) में मुकदमा दर्ज किया गया।

जानकारी के अनुसार शनिवार रात थाना किला क्षेत्र के उपनिरीक्षक वकार अहमद अपनी पुलिस टीम के साथ शांति व्यवस्था एवं रात्रि गश्त के दौरान चौकी क्षेत्र बाकरगंज में मौजूद थे। इसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि एक युवक सफेद रंग की जरीकैन में कच्ची शराब लेकर पटरी किनारे मढीनाथ की तरफ से आ रहा है। सूचना पर विश्वास करते हुए पुलिस टीम शमशान भूमि तिराहे की ओर बढ़ी। कुछ ही देर में एक युवक सफेद प्लास्टिक की जरीकैन के साथ आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम विपिन गुप्ता पुत्र शिवकुमार गुप्ता निवासी मोहल्ला कुँवरपुर, चौकी मलूकपुर, थाना किला, बरेली बताया है।

आरोपी ने कबूल किया है कि वह 10 लीटर कच्ची शराब बेचकर पैसा कमाने के लिए ला रहा था। बरामद जरीकैन खोलकर जांच की गई तो उसमें से कच्ची शराब की तीव्र गंध आ रही थी। आरोपी के पास शराब बेचने का कोई लाइसेंस नहीं था। मौके पर ही आरोपी को नियमानुसार गिरफ्तार कर फर्द बरामदगी तैयार की गई। शराब के नमूने सील कर थाने भेजे गए। इसी प्रकार सीबीगंज थाना क्षेत्र में रात्रि गश्त के दौरान थाना पुलिस ने एक स्थान पर छापा मार कर कच्ची शराब बेचने की फिराक में खड़े एक युवक को रंगे हांथ गिरफ्तार कर लिया।

# कन्फेक्शनरी की दुकान से चोरी सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

**वेलकम इंडिया**



**मेरठ।** किठौर थाना क्षेत्र के कस्बा शाहजहांपुर स्थित झंडा चौक पर रविवार शाम कन्फेक्शनरी की दुकान से चोरी की वारदात सामने आई। दो युवकों द्वारा की गई यह घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

जानकारी के अनुसार, शाम के समय दो युवक सामान खरीदने के बहाने दुकान पर पहुंचे। उन्होंने दुकानदार इनायत उल्ला से ठंडी कोल्ड ड्रिंक मांगी। दुकान मे बिजली न होने के कारण दुकानदार घर पर रखे डीप फ्रीजर से कोल्ड ड्रिंक लेने चला गया। इसी दौरान दोनों युवक मौका पाकर दुकान में रखा सामान अपने बैग में भरकर भाग निकले।

दुकानदार के शोर मचाने पर स्थानीय लोग युवकों के पीछे दौड़े, लेकिन वे हाथ नहीं लग सके। घटना की सूचना मिलने पर पीड़ित दुकानदार के भाई साहिब उल्ला पुत्र जफर उल्ला खान ने थाने में तहरीर दी। पुलिस ने नामजद आरोपियों में से एक को कुछ ही देर में गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच सीसीटीवी फुटेज के आधार पर की जा रही है।

# मुख्यमंत्री खराब मौसम के चलते नही आ पाए आपदा प्रभावित क्षेत्र पौंसारी

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का बागेश्वर जिले के आपदा प्रभावित क्षेत्र पौंसारी का दौरा खराब मौसम के कारण स्थगित हो गया। मुख्यमंत्री लगातार मौसम ठीक होने और आपदा ग्रस्त क्षेत्र के भृमण को पहुंचने को आतुर दिखे और मौसम ठीक होने की कामना करते रहे पर मौसम का साथ नही मिलने से मुख्यमंत्री को उड्डयन विभाग से हेलीकॉप्टर को उड़ान भरने की अनुमति नही मिल पाई।सुबह से ही मुख्यमंत्री के आगमन की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी और जनप्रतिनिधि सारी तैयारियों में जुट गए थे।सभी को तय समय पर सीएम के पहुँचने की उम्मीद थी।पर ठीक समय मे मुख्यमंत्री का दौरा स्थगित हो गया।जिसके बाद सीएम धामी ने जिलाधिकारी को आपदा प्रभावित परिवारों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद स्थापित करने के निर्देश दिए। और उनकी स्थिति की जानकारी ली।

जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने मुख्यमंत्री को संपूर्ण स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि प्रभावित स्थल से अब तक पाँच में से तीन शव बरामद किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने पौंसारी व बैसानी सहित तीन प्रभावित ग्रामों के ग्राम प्रधानों एवं आपदा पीड़ित परिवारों से वार्ता की।और उनका हालचाल जाना और जिला प्रशासन द्वारा राहत कार्य में कोई कोताही तो नही बरती जा रही इसकी जानकारी ली जिस पर लोगों ने आपदा के बाद जिले के प्रशासनिक मुखिया के तौर पर जिलाधिकारी द्वारा राहत बचाव कार्य हेतु किए गए सहयोग की सराहना की।

# जल निगम के ठेकेदार की मनमानी राहगीरों पर भारी

वेलकम इंडिया

■ पाइप लाइन बिछाने के लिये सीसी रोड को तोड़कर होरहे कार्य,लोगों का चलन हुआ मुश्किल

**संतकबीरनगर।** मगहर नगर में हर घर नल जल योजना के अंतर्गत नयी पाईप लाईन बिछाने के लिये सड़कों को खोद कर पाईप लाइन डाली जा रहही है ।जिसके मलबे वहीं जसका तस छोड़ देने के कारण लोगो को आवागमन में दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है ।जिसमें फंसकर राहगीर अक्सर घायल हो जा रहे है। इससे लोगों में काफी आक्रोश है। कस्बे के लोगों ने नगरप्रशासन से इस परेशानियों को दूर करने की मांग की है।

नगर पंचायत मगहर में हर घर नल जल योजना के अंतर्गत जल निगम द्वारा नयी पाईप लाईन बिछाने का कार्य किया जा रहा है ।जिससे लोगों तक सुगमता से पेयजल पहुंच सके ।इसके लिये सीसी सड़को को काट गढ्ढा खोद कर पाईप डाला जा रहा है ।जिसकी रफ्तार काफी सुस्त होने से पाईप देर से पड़ने के कारण काफी समय तक मलबा सड़क पर ही पड़ा रहता है ।जिससे लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

नगर के जीशान आलम, गुफरान आलम,मोहम्मद नासिर, हफीजुद्दीन, मोहम्मद अकरम, ओबैदुन्नबी, घनश्याम,नन्द कुमार आदि लोगों ने ठेकेदार पर पाईप लाईन में बिछाने पर भारी लापरवाही का आरोप लगाया है। जिनके द्वारा मनमाने ढंग से कार्य को अंजाम दिया जा रहा है ।सबसे अधिक परेशानी सकरी सड़क व गली में हो रही है। जहां मलबा व गढ्ढा कर छोड़ देने से लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है ।जिसमें उलझकर हर समय गिरने का खतरा बना रहता है। इन का कहना है कि ठेकेदार को चाहिये कि गढ्ढा खोदने व पाईप लाईन बिछाने का कार्य समय के अंदर कर दें जिससे लोगों का आवागमन अवरुद्ध न हो। लेकिन पाईप लाईन बिछाने में ठेकेदार द्वारा गड्ढा खोदकर छोड़ने के बाद पाइप बिछाने में समय ले रहे हैं ।जहां पाईप लाईन का कार्य हो गया वहां की सड़को की मरम्मत नहीं हो सकी। इसका खामियाजा नगर के लोगों को भुगतना पड़रहा है। वर्तमान समय में पूरे नगर की यही दशा है।

इस सम्बंध में पूछे जाने पर चेयरमैन प्रतिनिधि नूरुज्जमा अंसारी ने कहा कि सम्बंधित ठीकेदार से कड़े शब्दों में कह दिया गया है कि जितना गड्ढा खोदें उसको फाइनल करने के बाद ही आगे खोदने का कार्य करें। जनता के हित के लिये कोई समझौता नहीं किया जायेगा।



# टीबी हारेगा, देश जीतेगा : संकल्प से ही लक्ष्य की प्राप्ति सम्भव : किशन चौधरी

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत के.एम. मेडिकल कॉलेज पाली डूंगर सौंख में शुक्रवार को विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केएमयू के कुलाधिपति एवं मथुरा जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने कहा कि ॠटीबी हारेगा, देश जीतेगाॠ केवल नारा नहीं बल्कि संकल्प है। यदि समाज का प्रत्येक व्यक्ति दृढ़ निश्चय कर ले तो क्षय रोग उन्मूलन का लक्ष्य अवश्य प्राप्त होगा।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (हल्ड) के सलाहकार डॉ. मानस शर्मा ने कहा कि क्षय रोग के नियंत्रण हेतु उच्च जोखिम समूहों की पहचान अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि संभावित रोगियों का बलगम परीक्षण एवं आवश्यकता अनुसार चेस्ट एक्स-रे कराना ही टीबी उन्मूलन की दिशा में सबसे बड़ा कदम है।

के.एम. मेडिकल कॉलेज के वाइस चांसलर डॉ. एन.के. प्रजापति ने कहा कि मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में आने वाले प्रत्येक मरीज की स्क्रीनिंग राष्ट्रीय मानकों के अनुसार की जा रही है ताकि संभावित रोगियों की समय पर पहचान कर उनका उपचार सुनिश्चित किया जा सके। संगोष्ठी में विशेषज्ञों ने क्षय रोग के लक्षण, उच्च जोखिम समूह, नाट परीक्षण की उपयोगिता, गोद लेकर मरीजों के उपचार में सहयोग तथा सही समय पर सही उपचार की आवश्यकता पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में जिला क्षय रोग केंद्र मथुरा से शिव कुमार, आलोक तिवारी, अखिलेश दीक्षित एवं पंकज यादव उपस्थित रहे। वहीं के.एम. मेडिकल कॉलेज की ओर से प्राचार्य डॉ. पी.एन. भिसे, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. अभय सूद, सहायक मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. आर.पी. गुप्ता, चेस्ट एवं टीबी विभाग से डॉ. मनन बेदी और डॉ. रवि कुन्तल मौजूद रहे।

# राधाजी की भक्ति में खोये श्रद्धालु



**बरसाना।** धारा तो बह रही है श्रीराधा नाम की, हम हो गये दिवाने श्रीराधा नाम के, जी हां कुछ ऐसा ही माहौल नजर आ रहा था राधा के बरसाने का। जहां राधा नाम की धारा में उसके भक्त बहते नजर आ रहे थे। राधा की भक्ति में डूबे श्रद्धालु इतने आनंद के वशीभुत थे कि बस राधा नाम की रस बर्षा में भीगने को अतुर नजर आ रहे थे। बरसाना के तमाम मन्दिरों व धर्मशाओं में राधा की धारा प्रवाह बह रही थी, भक्त भक्ति में भाव विभोर होकर नाचने को मजबूर थे। लाडली के जन्मोत्सव का आनंद इस कधर था की उसके भक्त बस राधा नाम की धारा में मदमस्त होकर नाच रहे थे। चाहुंओर लाडली के नाम के जयकारे लग रहे थे। श्रद्धालु अपनी आराध्य राधारानी के जन्मोत्सव की खुशी में आनंदित होकर भक्ति भाव में भाव विभोर हो रहे थे। भक्ति की ऐसी रस बर्षा बह रही थी बरसाना में एक पल को तो ऐसा लग रहा था की कही द्वापर में तो नहीं है। सब भक्तगण राधा की मस्ती में मदस्त होकर नाचते गाते उनके निज महल में जा रहे थे। राधा के जन्मोत्सव का आनंद लेने के लिए देश विदेश से आये लाखो श्रद्धालु राधा की भक्ति में डूबे नजर आ रहे थे। लाडली के आने की खुशी में पूरा ब्रजमंडल फूला नहीं समा रहा था। हर कोई लाडली के जन्मोत्सव के आनंद में भाग लेने के लिए आतुर नजर आ रहे थे।

# लाडली अदभुद नजारा तेरे बरसाने में है...

**मथुरा/बरसाना।** दिव्य व अलोकिक जिस शक्ति के दर्शनों को देव गर्धव तथा मनुष्य सौ जन्म लेकर भी नही कर सकते है। उस परम शक्तिमयी श्रीराधारानी अपने भक्तों के विशुद्ध प्रेम को देखकर गोलोक से धराधाम बरसाना में अवतरित हुई थी। राधा के अवतरित होने पर वन उपवन, पक्षी चहक उठे तथा बागो में मुरझाये फूल खिल उठे। ऐसी पराशक्ति राधारानी अपने भक्तों के लिए फिर अवतरण होगी। राधा के अवतरण की खुशी में बरसाना के घर-घर में मंगल गीत गाए जा रहे थे। सूर्यवंशी कुल में जन्में ब्रज के राजा बृषभानु व रानी कीरत के निज महल में आनंद व रस बर्षा से सम्पूर्ण वतावरण गुंजायमान हो रहा था। ब्रज के गोप गोपिकाएं लाडली की खुशी मंगलगीत गा रही थी। महल में देश देश के भिक्षुओं द्वारा बधाई गाई जा रही थी। आनंद व भक्ति की ऐसी रस बर्षा बरसाना में हो रही थी की जिसे देखने के लिए देवगण भी एक पल को देवलोक को छोड़ ब्रज में लालियात हो रहे थे। सबको इंतजार है उस पराशक्ति का जो चैसठ कलांओ से परिपूर्ण थी जिसकी कृपा से ब्रज का नटखट कन्हैया पूरे विश्व का श्रीकृष्ण बना था। कृष्ण की अल्हदिनी शक्ति राधारानी के आगमन की खुशी ब्रजमंडल के साथ सम्पूर्ण विश्व हो रही थी देव गर्धव भी आकाश में पुष्प लिए उस पल का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे जब कन्हैया की प्राण प्रिये का जन्म होगा। लाडली के जन्म से पहले ही उनके निज महल में भक्तों द्वारा बधाई प्रस्तुत कर मंगल गीत गा रहे थे तो वही ब्रज बरसाना के घर-घर में इस खुशी का ठिकाना नहीं था।

# आप पार्टी के पूर्व विधायक वंदना ने कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक



_नई दिल्ली। रविवार को शालीमार बाग विधानसभा के पूर्व आप विधायिका बंदना कुमारी ने वार्ड नं. 56 के कार्यकताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाने और आने वाले समय में क्षेत्र के विकास की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में मौजूद कार्यकताओं ने पूरी निष्ठा और जोश के साथ यह भरोसा दिलाया कि वे हमेशा जनता के बीच रहकर उनकी हर समस्या का समाधान करने के लिए तत्पर रहेंगे। पूर्व विधायक जी ने कार्यकताओं का उत्साह बढ़ाया और कहा कि आम आदमी पार्टी का असली बल हमारे कार्यकर्ता हैं, जो ईमानदारी और सेवा भाव से जनता के बीच काम कर रहे हैं। आज की यह बैठक इस बात का प्रमाण है कि यदि हम सब मिलकर संगठित होकर काम करें तो आने वाले समय में हर चुनौती का सामना मजबूती से कर सकते हैं और जनता की आवाज को और बुलंद कर सकते हैं।

# आस्था योग और पर्यावरण का संगम, श्री चित्रगुप्त पीठ में नक्षत्र वाटिका एवं भावातीत ध्यान केंद्र का शुभारंभ

वेलकम इंडिया




**मथुरा।** राधा अष्टमी के पावन अवसर पर श्री चित्रगुप्त पीठ, जुल्हेंदी (वृंदावन) में रविवार को नक्षत्र वाटिका की स्थापना तथा महर्षि महेश योगी भावतीत ध्यान एवं योग केंद्र का भव्य शुभारंभ किया गया। उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण सक्सेना एवं महर्षि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अजय प्रकाश श्रीवास्तव के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री धीरज श्रीवास्तव (पूर्व विशेष सदस्य, प्रधानमंत्री कार्यालय), श्री मति गरिमा खरे (जिला विकास अधिकारी मथुरा) रहे। अपने संबोधन में मंत्री डॉ. अरुण सक्सेना और कुलाधिपति अजय प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि ॠश्री चित्रगुप्त पीठ केवल एक मंदिर ही नहीं, बल्कि आस्था का ऐसा दिव्य केंद्र है, जो पर्यावरण संरक्षण, जल संचय और नागरिकों के स्वास्थ्य संवर्धन की दिशा में उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। पीठ परिसर में वृक्षारोपण, नक्षत्र वाटिका की स्थापना, जल परिक्रमा तथा महर्षि महेश योगी जी के भावतीत ध्यान एवं योग केंद्र की स्थापना—ये सभी कार्य विश्व के लिए प्रेरणास्त्रोत और ईशानी उपक्रम हैं।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्री चित्रगुप्त पीठ के महामंडलेश्व स्वामी सुरेशानंद जी, पंडित गोरी शंकर शर्मा,विपिन गोयल, एम,एम शर्मा, नवीन अग्रवाल, दीपक गोयल,आकाश सिंगल, रवि अग्रवाल, डॉ साधन सक्सेना, शिल्पा स्वरूप, अलका सक्सेना, अजय सक्सेना, राकेश सक्सेना, मनोज चौधरी, ठाकुर बिहारी लाल, अजय जौहरी, मयंक सक्सेना, सुधीर सक्सेना, राजेश सक्सेना, अरुण शर्मा, आलोक कुलश्रेष्ठ,धीरेन्द्र कुलश्रेष्ठ, नरेंद्र कुलश्रेष्ठ,बृजेश सक्सेना आदि लोग उपस्थित रहे।

# पूर्व मंत्री ने किया कई गांवों का भ्रमण

वेलकम इंडिया फतेह खन



**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी के पूर्व मन्त्री सैय्यद अब्बास अली जैदी उर्फ रूश्दी मियाँ शाहब के क्षेत्र के कार्यक्रम में साहेबलाल चौहान पुत्र जोगी आयु 45 वर्ष निवासी मथुरा का पुरवा मजरे बसौढी निवासी की ह्दयघात से निधन हो गया था जिनके घर जाकर शोकाकुल परिवार से मिलकर शोकसंवेदना प्रकट की,तथा आर्थिक सहायता प्रदान की और परिवार को भरोसा दिलाया की सदैव साथ खडे रहेंगे ।सुरजन सिंह चौहान पुत्र लालता प्रसाद आयु 32 वर्ष निवासी मथुरा का बीमारी के चलते विगत दिनो निधन हो गया था उनके परिवार से मिलकर शोकसंवेदना व्यक्ति की तथा आर्थिक सहायता प्रदान की।

अर्जुन निषाद पुत्र जगदीश निषाद की आयु 22 वर्ष निवासी गोडियनपुरवा मजरे बेलपुर ब्लाक बनीकोडर जनपद बाराबंकी की सूरत की एक निजी कम्पनी मे काम करते समय बिजली के करंट लगने से निधन हो गया था इस दर्दनाक हादसे की सूचना मिलने पर आज उनके परिवार से मिलकर शोकसंवेदना प्रकट की तथा आर्थिक सहायता प्रदान की एवँम परिवार को भरोसा दिलाया की सुख दुख मे सदैव खडे रहेंगे।

इस अवसर पर विंध्या सिंह ब्लाक अध्यक्ष रूदौली,फरहान हुसेन खाँ,मातादीन निषाद, सतीष यादव, हाफिज रसीदुल्लाह, सुरजीत चौहान, विकास रावत, विरेन्द यादव, रमेश गौतम ,विकाश यादव,राजकुमार रावत, अविनाष निषाद,विश्राम रावत,इकबाल उस्मानी,आदि लोग शामिल रहे।

# मन की बात के 125वें संस्करण का सामूहिक श्रवण

वेलकम इंडिया



**राजाखेड़ा धौलपुर।** राजाखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के मनियां स्थित बूथ संख्या 21 पर आज दिनांक 31 अगस्त 2025 को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के 125वें संस्करण का सामूहिक श्रवण किया गया।

इस अवसर पर राजाखेड़ा विधानसभा की भाजपा प्रत्याशी श्रीमती नीरजा अशोक शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम उपरांत उन्होंने कार्यकताओं से संवाद करते हुए प्रधानमंत्री जी की नीतियों एवं योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने का आान किया। कार्यकर्ता संवाद के दौरान पूर्व जिला उपाध्यक्ष जयवीर पोसवाल ने कहा कि मन की बात केवल एक संवाद कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह देश की आत्मा और जनभावनाओं का दर्पण है, जो समाज को नई दिशा प्रदान करता है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व उप जिला प्रमुख केदार पोसवाल, पूर्व सरपंच जयप्रकाश बंसल एवं एससी मोर्चा अध्यक्ष राम भरोसी जाटव ने भी कार्यकताओं को मार्गदर्शन दिया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से—पूर्व उप जिला प्रमुख केदार पोसवाल, पूर्व सरपंच मनियां जयप्रकाश बंसल, मंडल अध्यक्ष राम अवतार त्यागी, ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष दिनेश कुशवाहा, भाजपा वरिष्ठ नेता अशोक सिंह, एससी मोर्चा अध्यक्ष राम भरोसी जाटव, दिलीप पाराशर, भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला महामंत्री वेद प्रकाश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष आग्येश त्यागी, पूर्व सरपंच खमान सिंह सिकरवार, पंचायत समिति सदस्य एवं मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा मनियां सुरदीप कुशवाहा, अध्यक्ष शांति टायर्स अभिषेक पोसवाल, मंडल महामंत्री दिनेश शर्मा, पूर्व पंचायत समिति सदस्य ऐदाल लोधा, कमल सिंह त्यागी, बलवीर गुर्जर, देशराज पोसवाल, नरेंद्र पोसवाल, दिलीप कौशिक, राजू गुर्जर, के.के. शर्मा, कुबेर पोसवाल, साहब सिंह गुर्जर, अशोक पोसवाल आदि मौजूद रहे।

# दो बच्चों की मां तीन बच्चों के पिता के साथ फरार



**झांसी।** मऊरानीपुर कोतवाली क्षेत्र में एक पिता अपने विकलांग बच्चे के साथ कोतवाली पहुंचा। पति ने अपनी पत्नी को खोजने के लिय प्रार्थना पत्र देकर बताया है कि साहब मेरी शादी 14साल पहले पत्नी पूजा के साथ हुई थी ।मेरे दो बच्चे है में ड्राइवर हूं अपने बच्चो के साथ मऊरानीपुर में किराए के मकान में रहता था। और बच्चों को स्कूल में पढ़ाने भेज देता था। और में बस चलाने निकल जाता था। मेरे किराए के मकान पर दोस्त का घर आना जाना रहता था। इसी दौरान मेरे दोस्त ने मेरी पत्नी को अपने प्रेमजाल में फंसा लिया और मौका पाकर मेरी पत्नी को अपने साथ ले गया। मेरी पत्नी घर में रखे 50 हजार रूपए और सोने चांदी के जेवरात लेकर भाग गई।

# जीएम नर्सिंग पैरामेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल परिसर में हुआ फलदार पौध वितरण कार्यक्रम का आयोजन




वेलकम इंडिया

**मथुरा/गोवर्धन।** खुशहाली फाउंडेशन द्वारा वृक्ष मित्र झ ग्राम मित्र अभियान 2025 के अंतर्गत रविवार को जी. एम. नर्सिंग पैरामेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल परिसर में फलदार पौधे वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10:30 बजे हुआ, जिसमें 500 की संख्या में ग्रामीण किसान, युवा एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। सभी को 10 -10 पौधे दिए गए कार्यक्रम में वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला ब्रज क्षेत्र प्रमुख नितिश पाल जी ने खुशहाली फाउंडेशन का परिचय एवं आयामों की जानकारी देते हुए पौधे लगाने की विधि एवं कार्यक्रम संचालन किया कार्यक्रम अध्यक्ष श्री बृजेंद्र शर्मा जी नगर संघचालक ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए अधिक से अधिक पौधारोपण की अपील कर वृक्षारोपण करने का आग्रह किया।

इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अध्यक्ष बृजेंद्रजी संघ चालक एवं कॉलेज सचिव मुख्य वक्ता राजेश आर्य एडवोकेट विशिष्ट अतिथि पवन कुंतल अमित कंचन पर बीरेंद्र, नितिश पाल, मुकेश, मुकेश कार्यकर्त्ता रहे।

# वृद्धाश्रम में छाया हेतु शेड निर्माण कर आश्रम के लोगों को समर्पित करने हेतु हुआ लोकार्पण



वेलकम इंडिया

**झाँसी।** भारत विकास परिषद् प्रमुख शाखा के वरिष्ठ सदस्य पूजा - संजय लिखधारी दंपति द्वारा अनमोल अग्रवाल के सहयोग से राज्य मंत्री हरगोविंद कुशवाहा अध्यक्ष अंतरराष्ट्रीय बौद्ध संस्थान उ. प्र. के मुख्य आतिथ्य, एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष प्रकाश नारायण द्विवेदी, सनशाइन क्लब अध्यक्ष विनोद अग्रवाल यूको के विशिष्ट आतिथ्य, अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा के राष्ट्रीय जन सम्पर्क अधिकारी अशोक अग्रवाल काका व संघर्ष सेवा समिति के अध्यक्ष संदीप सरावगी के सानिध्य में सर्व हित में सिद्धेश्वर नगर स्थित वृद्धाश्रम में छाया के लिए एक शेड का निर्माण कराकर लोकार्पण कराया गया। लोकार्पण वरिष्ठ अधिवक्ता पूर्व डीजीसी जगदीश प्रसाद लिखधारी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में भारत विकास परिषद् प्रमुख शाखा झांसी आर पी गुप्ता अध्यक्ष अशोक कुमार बिलगैंयां, श्याम सुंदर अग्रवाल, सचिव आर पी मोदी, कोषाध्यक्ष नरेश टकसारी, अशोक अग्रवाल पीएनबी, विनोद अग्रवाल, प्रेम चन्द्र अग्रवाल व सनशाइन क्लब के अनूप बिन्दल आदि मौजूद रहे।

# जैन दर्शन के नौवें तीर्थंकर श्री पुष्पदंत भगवान का मोक्षकल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया

वेलकम इंडिया



**झांसी।** उत्तम शौच धर्म का मतलब है लोभ रूपी मैल से मुक्ति पाकर आत्मा को निर्मल करना। शौच का मतलब है पवित्रता और उज्ज्वलता। लोभ वास्तव में पाप का बाप है। लोभ में फंसकर ही मनुष्य पाप की ओर अग्रसर होता है। संतोष रूपी धन से ही कल्याण संभव है। लोभ रूपी मैल को 'समभाव' और 'संतोष' रूपी जल से धोने वाला व्यक्ति संतोषी और शौचधर्मी कहलाता है। ऐसे संतोषी प्राणी ही परम सुख को प्राप्त करते हैं। मन को मायाचार, लोभादि से रहित उज्ज्वल करने से शौचधर्म होता है। ये उद्गार मेडिकल कॉलेज गेट नं 3 के आगे भगवान महावीर लोक कल्याण परिसर में निमार्णाधीन भगवान महावीर महातीर्थ में विराजमान मुनिश्री अविचलसागरजी महाराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए दिए। इसके पूर्व पर्वाधिराज पर्युषण दसलक्षण पर्व के चतुर्थ दिवस उत्तम शौच धर्म की पूजा अर्चना की गई। प्रातः काल की बेला में विश्वशांति की मंगलकामना के साथ श्रीजी में मस्तक पर शांतिधारा करने का सौभाग्य चातुर्मास संयोजक नितिन जैन सदर, देवेश जैन केडी को प्राप्त हुआ।

मुख्य सलाहकार डॉ राजीव जैन, वरिष्ठ महामंत्री दिनेश जैन डीके, महामंत्री सौरभ जैन सर्वज्ञ, स्वागताध्यक्ष अंकित सर्राफ, अंशुल जैन बघेरा, निशांत जैन डेयरी, विवान जैन ने श्रीजी का अभिषेक किया। श्रीमति प्रतिभा जैन सदर, श्वेता जैन अछरौनी, अंजलि सिंघई, रीता जैन आदित्य, सोनम जैन, पूजा जैन, नेहा जैन सहित अनेकों श्रावकों ने जैन दर्शन के नौवें तीर्थंकर श्री पुष्पदंत भगवान के मोक्षकल्याणक पर्व के अवसर पर निर्वाण लाडू समर्पित किया।

इस अवसर पर अमृत पावन वषायोग समिति के अध्यक्ष शैलेन्द्र जैन प्रेस, संरक्षक सुरेन्द्र जैन बक्सा, मुख्य संयोजक अतुल जैन सर, करगुंवा मंत्री संजय सिंघई, नीलेश मोदी, मनोज सिंघई, अलंकार जैन, अभिनन्दन मोदी, आलोक जैन विश्वपरिवार, प्रदीप जैन वर्धमान, विपिन जैन ओम बिजली, शुभम जैरी, डॉ पीसी जैन, ऋषभ जैन बबीना, आशीष सोनू, डॉ सचिन जैन आयुवेर्दाचार्य, संजय जैन, एंजि. अभिनव जैन स्पर्श, अंकुर जैन, श्रीमति देवी जैन, शीला सिंघई, सारिका सिंघई, मधु मोदी, रंजना जैन, मनीषा सिंघई, खुशबू जैन, कुसुम जैन, सुनीता शिवाजी, पिंकी जैन आदि उपस्थित रहें। संचालन चातुर्मास समिति के महामंत्री सौरभ जैन सर्वज्ञ एवं आभार वरिष्ठ महामंत्री दिनेश जैन डीके ने व्यक्त किया।

# टिटनेस डिप्थीरिया टीका बीमारियों से बचाने के लिए शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है: डॉ एस सी अग्रवाल

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज में पिछले तीन दिनों से टीडी टीकाकरण अभियान के अंतर्गत लगभग 400 छात्रों को टीडी टीका लगाया गया। डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर गाजियाबाद में जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मेंद्र शर्मा के आदेशों के क्रम में विश्व टीकाकरण सप्ताह के सफल क्रियान्वयन के लिए 1 अगस्त से 31 अगस्त तक चलाई जाने वाले स्कूल आधारित टीडी टीकाकरण अभियान के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉक्टर राजेश शर्मा और जिला स्वास्थ्य टीम के द्वारा विद्यालय में लगभग 400 छात्रों का टीडी टीकाकरण किया गया विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश चंद्र अग्रवाल जी ने बताया कि छात्रों को स्वस्थ रहने और रखने के लिए ऐसे अभियान विद्यालय में समय-समय पर होते रहते हैं। टिटनेस डिप्थीरिया टीका जो टिटनेस और डिप्थीरिया गलगोटू नामक गंभीर बीमारियों से बचाता है यह टीका बीमारियों से बचने के लिए शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है ।टिटनेस एक जानलेवा बैक्टीरिया से होने वाला संक्रमण है जो चोट या घाव से शरीर में प्रवेश करता है और मांसपेशियों में दर्दनाक ऐंठन पैदा कर सकता है जबकि डिप्थीरिया टीका स्वास्थ्य संबंधी जटिलताएं और हृदय ,गुर्दे या तंत्रिका तंत्र को नुकसान पहुंचा सकता है। इन सब के बचाव के लिए लगभग 16 साल के 400 छात्रों को यह टीका लगाया गया प्रधानाचार्य ने यह भी बताया कि अभी पिछले सप्ताह राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर विद्यालय में लगभग 3200 छात्रों को एल बेलदाजोल टैबलेट भी खिलाई गई थी जिससे उनके पेट में होने वाले कीड़ों से होने वाले संक्रमण को बचाया जा सके। इस अभियान को सफल बनाने में विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी राजकुमार सिंह तेजपाल सिंह, संजीव चौधरी प्रवीण जैनर, गौरव त्यागी, राजीव जांगिड़ आदि का सहयोग प्रशंसनीय रहा।

# मीरा बाई चानू का कॉमनवेल्थ गेम में गोल्ड मेडल जीतकर मोदीनगर पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** श्री राम वेटलिफ्टिंग एकेडमी पर कॉमनवेल्थ गेम्स में पदक जीतकर आए खिलाड़ियों का फूल माला ढोल नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया गया। ओलंपिक में सिल्वर पदक विजेता मीराबाई चानू ने कॉमनवेल्थ गेम में वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर देश और प्रदेश का नाम ऊंचा किया है। मीराबाई चानू का कहना है कि आने वाले एशियाई गेम्स में भी वह गोल्ड मेडल जीतकर भारत का नाम रोशन करेगी साथ ही जिस तरह से उनकी अकादमी के अन्य खिलाड़ियों द्वारा प्रदर्शन किया गया है उससे लगता है कि आने वाली प्रतियोगिताओं में खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करते हुए और ज्यादा पदक भारत के लिए जीत कर लायेंगे। मीराबाई चानू के कोच अर्जुन अवार्डी विजय शर्मा ने बताया कि मोदीनगर व पटियाला अकादमी के 45 खिलाड़ियों ने कोमल वेल्थ गेम्स में हिस्सा लिया था। जिसमें से 32 खिलाड़ियों ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए गोल्ड व सिल्वर पदक जीतकर अकादमी और देश प्रदेश का नाम रोशन किया है । आने वाली अन्य प्रतियोगिताओं में भी खिलाड़ियों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। जिसके चलते और अधिक मेडल खिलाड़ी जीत कर लायेंगे।



# कवि शिरोमणि गोपाल "मधु" के सम्मान में सरस काव्य संध्या

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** काव्या सांध्य बेला में टोरंटो ओंटारियो कनाडा से पधारे कवि शिरोमणि गोपाल बघेल ₹मधु₹ के सम्मान में अखिल भारतीय साहित्य मंच, मोदीनगर के कवियों द्वारा अमित अरोड़ा निवास के सभागार में एक सरस काव्य संध्या का आयोजन किया गया। कवि ₹ब्रजकणर₹ के मंत्र द्वारा गणपति आवाह्न के पश्चात मुख्य अतिथि गोपाल ₹मधु₹ द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित कर सभी कवियों

ने मातृ शक्ति को पुष्प अर्पित किए। नगर कवयित्री पुष्पा शर्मा ने अपनी सरस वाणी द्वारा सरस्वती वंदना पढ़कर सभागार को गुंजित किया, और खूब तालियां बटोरी। सुप्रसिद्ध भजन गायक धनेश कुमार त्यागी ने अपने भजन से वातावरण को भक्ति रस से प्लावित कर दिया,। इसी श्रंखला में कवि जय भगवान गोयल एवं देवशरण 'पश्यक' ने ₹कण-कण में हैं राम₹ रचना प्रस्तुत की. समाजसेवी सरदार रजेंद्र सिंह ने माँ को अपनी रचना में शब्द भावों से सजाकर ,देशभक्तों के बलिदान की रचनाएँ पढ़ी। हास्य व्यंग्य के महारथी कपिल वैरागी तथा मुरादनगर से पधारे व्यंग्य शिरोमणि राम प्रकाश ₹दीप₹ ने सभी श्रोताओं और कवियों को गुदगुदाकर,लोटपोट किया। काव्यमय संचालन कर रहे अमित अरोड़ा जगमोहन ने अपनी रचनाओं से सभी का मन जीत लिया। पुष्पा शर्मा की ₹पल्लू₹ रचना, तथा संस्था अध्यक्ष दरयाब सिंह राजपूत ₹ब्रजकणर₹ की ब्रज तथा हिंदी गजलों की मुक्त कंठ से सराहना की गई. कनाडा से पधारे गोपाल ₹मधु₹ ने तरोताजा अनेक आध्यात्मिक रचनाएँ सुनाकर कवि एवं श्रोताओं को भक्ति सागर में डुबकियाँ लगवाई. आपकी रचनाओं की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। अंत में संस्था संरक्षक डॉ श्रद्धा नंद शर्मा एवं अध्यक्ष कवि ₹ब्रजकणर₹ एवं अमित अरोड़ा द्वारा कनाडा से पधारे 'मधु' जी का पुष्प तथा मोतियों की मालाएँ तथा अंग वस्त्र शाल ओढ़ा कर सम्मानित किया गया. ₹मधु₹ जी ने कार्यक्रम के आयोजन की मुक्त कंठ से सराहना की और सभी कवि बंधुओं का आभार प्रकट किया. सुरुचि पूर्ण जलपान के पश्चात कार्यक्रम को विराम दिया गया।

# उत्तर प्रदेश जिला पंचायत चुनाव में ऑल इंडिया पंचायती राज संगठन उतारेगा अपना प्रत्याशी

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** ऑल इंडिया पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रजवीर दहिया ने कहा कि ऑल इंडिया पंचायती राज संगठन ने आगामी उत्तर प्रदेश जिला पंचायत चुनाव में भाग लेने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। संगठन ने घोषणा की है। कि वह राज्य के विभिन्न जिलों में अपने समर्थन से योग्य, ईमानदार, और जन सेवा के प्रति समर्पित प्रत्याशी मैदान में उतरेगा। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रजवीर दहिया ने कहा की अब वक्त आ गया है। कि पंचायत स्तर पर भी योग्य नेतृत्व को आगे लाया जाए ।हमारा उद्देश्य भ्रष्टाचार मुक्त और जनहितकारी पंचायत व्यवस्था की स्थापना करना है। यह चुनाव केवल सत्ता की लड़ाई नहीं, बल्कि ग्राम स्वराज और स्थानीय विकास की दिशा में एक निर्णायक कदम होगा। यह निर्णय पंचायत प्रतिनिधियों को संगठित मंच प्रदान करने व उनके अधिकारों की रक्षा करने और पंचायत व्यवस्था को लोकतांत्रिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में लिया गया है। ऑल इंडिया पंचायती राज संगठन वर्षों से पंचायत प्रतिनिधियों के अधिकारों, प्रशिक्षण , एवं जन जागरूकता के क्षेत्र में कार्यरत है। अब यह संगठन जिला पंचायत चुनाव के माध्यम से ग्राम में लोकतंत्र को एक नई दिशा देने जा रहा है। संगठन द्वारा प्रत्याशियों के चयन हेतु पारदर्शिता,सामाजिक सेवा भावना, क्षेत्रीय लोकप्रियता, एवं संगठनात्मक निष्ठा जैसे मानकों को प्राथमिकता दी जाएगी।

# डॉक्टर रामफल सिंह पशुधन प्रसार चिकित्सक अधिकारी हुए सेवानिवृत्त



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** नगर पंचायत निवाड़ी अध्यक्ष अनिल त्यागी के आवास पर डॉक्टर रामफल सिंह पशु धन प्रसार चिकित्सक अधिकारी का सेवानिवृत्ति का भव्य समारोह आयोजित किया गया। डॉक्टर रामफल सिंह ने नगर पंचायत निवाड़ी में करीब 28 साल तक पशु चिकित्सा के क्षेत्र में निरंतर सेवा की है। उनके सेवानिवृत्ति कार्यक्रम में पशु चिकित्सा अधिकारी व नगर पंचायत निवाड़ी के अध्यक्ष अनिल त्यागी के अलावा नगर पंचायत निवाड़ी व क्षेत्र के लोगों ने ज्यादा से ज्यादा उपस्थित होकर सभी ने शुभकामनाएं दी। लोगों का उत्साह देकर सभी पशु चिकित्सा अधिकारी बहुत प्रसन्न हुए। स्वागत समारोह में पूर्व अध्यक्ष राजकुमार वर्मा, अध्यक्ष अनिल त्यागी, अरुण त्यागी, युवा नेता अंकित त्यागी, देवांश त्यागी, विवेक त्यागी, पूर्व प्रधानाचार्य महेश चंद्र त्यागी, आदित्य त्यागी,जितेंद्र गोस्वामी, राहुल त्यागी,मनीष त्यागी, सभासद जगदीश कुमार, सभासद मंगेश्वर, सभासद विकास त्यागी, सभासद कादर खान आदि लोग मौजूद रहे।

## साँप के काटने से हुई भैंस की दर्दनाक मौत

**सूरतगंज बाराबंकी।** स्थानीय ब्लॉक क्षेत्र में एक किसान की भैंस खूंटे पर बांधी हुई थी कि इसी बीच किसी जहरीले सर्प ने उसे काट लिया जिससे उसकी तबियत बिगड़ने लगी लोग जब तक कुछ समझ पाते कि उसकी मौत हो गई। पीड़ित ने मुआवजा की गुहार लगाई है। जानकारी के मुताबिक मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के बल्लोपुर प्रथम गांव निवासी राम सिंह की भैंस रविवार सुबह खूंटे पर बांधी हुई थी कि इसी बीच किसी जहरीले सर्प ने उसे काट लिया जिसकी मौत हो गई। जिसकी सूचना ग्राम प्रधान दिनेश कुमार यादव सहित पीड़ित ने इसकी सूचना क्षेत्रीय लेखपाल को और डॉक्टर को देकर मुआवजा की मांग की है। ग्राम प्रधान का आरोप है कि सुबह नौ बजे डॉक्टर गुलाब चंद्र यादव को इसकी सूचना दी गई कि पोस्टमार्टम हो सके जिससे मृत का कारण स्पष्ट हो सके और पीड़ित को इसका मुआवजा मिल सके। पीड़ित ने भैंस की अनुमानित कीमत 55 हजार बताई है। वहीं सूचना के बाद मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल विनोद कुमार ने आवश्यक लिखा पड़ी कर हरसंभव मदद दिलाने का आश्वाशन दिया है। वहीं सूचना के बाद मौके पर पहुंचे डॉ गुलाब चंद्र यादव ने पोस्टमार्टम कर आगे की प्रक्रिया में जुट गए।

## सीएचसी अधीक्षक के नेतृत्व में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का किया गया आयोजन

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** जिले के तहसील सिरौलीगौसपुर क्षेत्र में रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। सीएचसी सिरौलीगौसपुर अधीक्षक डॉ. संतोष सिंह के नेतृत्व में तीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर यह मेला लगा।बदोसराय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉ. संतोष कुमार शुक्ला की टीम ने 56 मरीजों की जांच की। महमूदाबाद केंद्र में डॉ. अन्विता पांडे की टीम ने 43 मरीजों को देखा। सैदनपुर केंद्र में डॉ. संजय गुप्ता की टीम ने 50 मरीजों की जांच की। सभी मरीजों को सर्दी, जुकाम और बुखार की दवाएं मुफ्त दी गईं।सीएचसी अधीक्षक डॉ. संतोष सिंह ने मौसम बदलाव को देखते हुए लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखें। उबला हुआ पानी पिएं। मच्छरों से बचाव के लिए फुल स्लीव के कपड़े पहनें और मच्छरदानी का प्रयोग करें। घरों में पुराने टायर, कचरे के डब्बों में पानी जमा न होने दें।

## शांति कमेटी की बैठक का किया गया आयोजन

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** जिले के कस्बा बदोसराय में सूफी संत हजरत मलामत शाह रहमतुल्ला अलैह की दरगाह पर होने वाले सालाना उर्स को लेकर शांति कमेटी की बैठक आयोजित की गई।कोतवाली बदोसराय के प्रभारी अजीत कुमार विद्यार्थी ने मेला कमेटी के अध्यक्ष सईद और सदस्यों से विचार–विमर्श किया। उन्होंने पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी उर्स को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। प्रभारी ने कहा कि जहां कहीं भी पुलिस की आवश्यकता हो, तुरंत सूचित करें।बैठक में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि हाजी मुश्ताक अहमद, कृष्ण कुमार यादव, संतोष कुमार, मोहम्मद रफीक सिद्दीकी, अकील अहमद चंदू, लतीफ कुरैशी और वैश चौधरी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# कांग्रेस कार्यकताओं में राधा अष्टमी उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** गोविंदपुरी मे शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में राधा अष्टमी का उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। पार्टी के कार्यकताओं ने कढ़ी चावल का प्रसाद वितरण किया। शहर अध्यक्ष बृजेश कुमार सेन, वरिष्ठ नेता सुनील शर्मा पीसीसी भिखारी लाल कश्यप हरीश कलर लाडा विशाल कौशिक जहूर खान रियासत सैफी चांद वीर चौधरी ब्लॉक अध्यक्ष अभिनव शर्मा कांग्रेस नेता जय किशन सेन आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे। श्री राधा कृष्ण को भोग लगाने के उपरांत कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया और प्रसाद वितरण किया।

## 15 कुख्यात बदमाश गुंडा घोषित, छह माह के लिए जिले से बाहर

**गाजियाबाद।** अपराध की जड़ों को उखाड़ फेंकने और जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए गाजियाबाद पुलिस ने एक और कड़ा कदम उठाया है। पुलिस ने ऐसे 15 कुख्यात बदमाशों को चिन्हित कर लिया है, जो लगातार आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाए गए थे और जिनकी वजह से क्षेत्र की शांति और सुरक्षा पर असर पड़ रहा था। इन सभी को गुंडा घोषित करते हुए छह माह के लिए जिले से निष्कासित कर दिया गया है। इस आदेश को अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था आलोक प्रियदर्शी की अदालत से जारी किया गया, जिससे अपराधियों में हड़कंप मच गया है। नंदग्राम क्षेत्र से हिमांशु, राकेश गुप्ता, जाहिद उर्फ जावेद और भरत लुंबा उर्फ लकी, मसूरी से वसीम, ट्रॉनिका सिटी से अश्वनी उर्फ छोटू, साहिल उर्फ इसराइल और शिवांश उर्फ गोलू, खोड़ा से विशाल, बादल राठी उर्फ संदीप राठी और विशाल राठी, भोजपुर से धीरज और मोदीनगर से मनोज कुमार, हेमंत कुमार व विकास को जिले से बाहर किया गया है।

## वैशाली सेक्टर-1 में गणेश पूजा महोत्सव में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** वैशाली सेक्टर-1 स्थित समाजसेवी अनुराग भटनागर के आवास पर चल रही गणेश पूजा में रविवार को भक्तिभाव का अद्भुत माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर पार्षद कुसुम गोयल और पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल विशेष रूप से उपस्थित रहे। गणपति बप्पा की आराधना और भजन-कीर्तन के बीच बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी पूजा में शामिल हुए और धर्म एवं समाजसेवा का अनूठा संगम बना। पूजा स्थल पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का आना-जाना जारी रहा। क्षेत्र की महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। गणेश आरती के दौरान पूरा वातावरण गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंज उठा। गणेश पूजा में समाजसेवी परिवार के साथ-साथ क्षेत्र की जानी-मानी हस्तियां और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में पहुंचे। इनमें प्रमुख रूप से प्रीति भटनागर, छवि कोहली, वंशिका भटनागर, आर्यवीर भटनागर, अशोक गुप्ता, गीता गुप्ता, कांता चौधरी, सिम्मी कपूर, नकुल कपूर, वैशाली कपूर, सविता बंसल, लता नेगी, सुरजीत सिंह नेगी, सिमरन नेगी, रन नेगी, सीमा ध्यानी, सतीश ध्यानी, रानी वर्मा, साक्षी, सुमित संक्रांति, प्रियंका शर्मा, श्याम शर्मा, संजीव चौहान, रेनू चौहान, नीरज चौहान, अमित भटनागर, पूजा भटनागर, आदित्य भटनागर, अंशिका भटनागर, अरुण ग्रोवर, रितु ग्रोवर और नवीन खोलिया शामिल रहे। पूरे आयोजन के दौरान भजन, कीर्तन और धार्मिक गीतों की प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भक्ति संगीत के बीच श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्वलित कर भगवान गणेश से सुख-समृद्धि और मंगल की कामना की। इस अवसर पर समाजसेवी अनुराग भटनागर ने कहा कि गणेश पूजा केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि सामाजिक एकता और भाईचारे का प्रतीक है। उन्होंने क्षेत्रवासियों के साथ मिलकर इस परंपरा को जीवंत बनाए रखने का संकल्प लिया। पूरे आयोजन ने क्षेत्रवासियों को एक मंच पर जोड़ दिया। पार्षद कुसुम गोयल और पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भव्यता दी। पूजा के बाद प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

# सरयू नदी ने एक बार फिर किया विकराल रूप धारण

वेलकम इंडिया



**सत्यवान पाल सूरतगंज बाराबंकी।** सूरतगंज ब्लॉक में स्थित हेतमापुर क्षेत्र में घाघरा-सरयू नदी ने एक बार फिर विकराल रूप धारण कर लिया है। नदी का जलस्तर बढ़ने से कोडरी, ललपुरवा, सुंदरनगर, बेलाहरी और बाबापुरवा समेत कई गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। स्थानीय निवासियों को पिछले साल जैसी स्थिति का सामना करना प्रारंभ हो जा चुका है। बाढ़ से बचाव के लिए बने बांध पर बिजली की व्यवस्था नहीं है। जनरेटर भी हटा दिया गया है। इस कारण रात में लोग बांध पर जाने से कतरा रहे हैं। घरों के चारों तरफ पानी भर जाने के बावजूद जागरूकता की कमी के चलते बहुत कम लोग बांध का सहारा ले रहे हैं। सुंदर नगर गांव के निवासी कल्लू, लालता प्रसाद, अशोक कुमार और राजेंद्र ने बताया कि बाढ़ का पानी तेजी से बढ़ रहा है। ग्रामीण सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बांध पर रहने के लिए बिजली की व्यवस्था की मांग की है। उनका कहना है कि बिजली और जनरेटर की व्यवस्था नहीं होने से बांध पर रहने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में एसडीएम गुंजिया अग्रवाल ने बताया जल्द ही जल्द ही लाइट की व्यवस्था की जाएगी।

# भारी बरसात में भी संभाली व्यवस्था, निगम टीम चौकस

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** रविवार को शहर ने एक बार फिर तेज बरसात का सामना किया। महज चार घंटे में करीब 80 एमएम बारिश दर्ज की गई, लेकिन इस बार हालात पिछले वर्षों जैसे नहीं रहे। जलभराव और यातायात की अव्यवस्था से परेशान होने के बजाय नागरिकों को राहत महसूस हुई। इसका कारण था गाजियाबाद नगर निगम की सतर्कता और त्वरित कार्यवाही, जिसने नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह के नेतृत्व में पूरी व्यवस्था को संभाले रखा। बरसात की शुरूआत होते ही नगर आयुक्त ने सभी वरिष्ठ अधिकारियों को वॉकी-टॉकी के माध्यम से अलर्ट कर दिया। कुछ ही पलों में स्वास्थ्य, जलकल और निर्माण विभाग की टीम सक्रिय हो गई। पांचों जोनों के साथ-साथ इंदिरापुरम क्षेत्र में भी जल निकासी की कार्यवाही लगातार चलती रही। इस दौरान स्वयं वरिष्ठ अधिकारी भी मैदान में दिखाई दिए। अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार ने पूरे अभियान की मॉनिटरिंग की, जबकि नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश और जलकल महाप्रबंधक कामाख्या प्रसाद आनंद ने अपनी टीमों के साथ मिलकर जल निकासी की व्यवस्था को दुरुस्त किया। तेज बारिश के दौरान निगम की टीम चौबीसों घंटे अलर्ट मोड पर बनी रही। यही कारण रहा कि भारी बरसात के बावजूद शहर का यातायात प्रभावित नहीं हुआ। जहां कहीं भी पानी रुकने की स्थिति बनी, वहां तत्काल जेसीबी मशीनें लगाकर नाले की सफाई कराई गई और पंप सेटों के जरिए पानी निकाला गया। कई स्थानों पर गिरे पेड़ों को हटाया गया और बिजली पोल को भी तुरंत दुरुस्त किया गया ताकि नागरिकों को परेशानी न झेलनी पड़े। मोहन नगर जोन को विशेष रूप से फोकस में रखा गया। यहां के भोपुरा, शालीमार गार्डन और मोहन नगर बस अड्डे जैसे स्थान लंबे समय से जलभराव के लिए कुख्यात रहे हैं। इस बार इन जगहों पर स्थायी समाधान की दिशा में कदम उठाए गए। पुलिया के नीचे फंसी गाद और कचरे को पूरी तरह साफ कराया गया और कई जगह अतिक्रमण हटाकर जल निकासी की राह खोली गई। अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार ने साफ कहा कि इस अभियान का मकसद केवल अस्थायी राहत नहीं, बल्कि स्थायी समाधान करना है, ताकि हर बार बारिश में नागरिकों को जलभराव का सामना न करना पड़े। निगम के इस त्वरित और सक्रिय अभियान ने यह साबित कर दिया कि अगर जिम्मेदारी और तत्परता से काम किया जाए तो भारी से भारी बारिश भी शहर की व्यवस्था को नहीं बिगाड़ सकती। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह की अगुवाई में जिस तरह पूरी टीम एकजुट होकर मैदान में उतरी, उसने आमजन को राहत दी और भरोसा भी दिलाया कि निगम हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ा है।

# सरकार तुरंत आगे आए, पंजाब का दर्द सिर्फ एक प्रदेश का नहीं, पूरे देश का है

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के वरिष्ठ नेता और सिख समाज से जुड़े प्रमुख चेहरा इंद्रजीत सिंह टीटू ने पंजाब में आई भीषण बाढ़ को लेकर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि पंजाब के कई जिले इस समय गंभीर प्राकृतिक आपदा से गुजर रहे हैं। लाखों लोग प्रभावित हैं, खेतों में खड़ी फसलें बर्बाद हो चुकी हैं, सैकड़ों घर ढह गए हैं और कई परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गए हैं। टीटू ने प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, हरियाणा व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित सभी जिम्मेदार पदों पर बैठे नेताओं से तुरंत ठोस कदम उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि

पंजाब के लोग स्वाभिमानी हैं, वे हाथ फैलाना पसंद नहीं करते, लेकिन मौजूदा हालात इतने भयावह हैं कि सरकारी मदद के बिना हालात संभालना असंभव है। रालोद नेता ने याद दिलाया कि जब-जब देश में कोई संकट आया है, सिख समाज ने बिना भेदभाव के सेवा की परंपरा निभाई है। चाहे प्राकृतिक आपदा हो या राष्ट्रीय संकट, पंजाब और सिख समुदाय ने हमेशा देश के लिए अपने कर्तव्य का निर्वहन किया है। उन्होंने कहा कि आज समय आ गया है कि सरकार भी पंजाब के साथ खड़ी हो। टीटू ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें अपने-अपने स्तर से राहत कार्यों की गति बढ़ाएं। विशेषकर जहां जलभराव की स्थिति है, वहां से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान चलाना चाहिए। उन्होंने चिंता जताई कि इस आपदा का सबसे ज्यादा असर बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों पर हो रहा है। गांव-गांव में पशुधन मर रहा है और बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ गया है। टीटू ने स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने, दवाओं की आपूर्ति बढ़ाने और प्रभावित परिवारों तक राशन पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस आपदा को केवल पंजाब की समस्या मानना बड़ी भूल होगी। यदि पंजाब का किसान खड़ा नहीं रह पाएगा तो देश की खाद्यान्न आपूर्ति भी खतरे में पड़ जाएगी। इसलिए सरकार को इस संकट को राष्ट्रीय आपदा की तरह देखना चाहिए। इंद्रजीत सिंह टीटू ने सभी राजनीतिक दलों और समाजिक संगठनों से भी अपील की कि वे राजनीति से ऊपर उठकर पंजाब की मदद में जुटें।

## लाखों के सोने-चांदी के गहने और नकदी पर चोरों ने किया हाथ साफ

**मुरादनगर।** शहर के पठान मोहल्ले में चोरों ने एक किसान के मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की चोरी को अंजाम दिया। घटना का खुलासा सुबह होने पर इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित किसान चांद खां ने बताया कि वह और उनका परिवार बीती रात अपने नए घर में सोने चले गए थे। सुबह जब वे पुराने घर पहुंचे तो अंदर का नजारा देखकर दंग रह गए। घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था और अलमारियां टूटी हुई थीं। चोर छत के दरवाजे से घर में दाखिल हुए और बड़ी ही सफाई से नकदी व आभूषण समेट ले गए। किसान चांद खां के मुताबिक चोर घर से 12 तोले सोने के आभूषण, 10 तोले चांदी के आभूषण और करीब साढ़े तीन लाख रुपये नकद चोरी कर ले गए। लाखों की इस चोरी से परिवार सदमे में है और पूरे मोहल्ले में दहशत का माहौल है। वारदात की सूचना मिलते ही मुरादनगर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

# राधाष्टमी महापर्व पर कवि सम्मेलन का आयोजन

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** राधाष्टमी महापर्व वृंदावन मनाने के बाद सीधे हिंदी भवन, गाजियाबाद पहुँचकर दैनिक जागरण द्वारा आयोजित भव्य कवि सम्मेलन में सम्मिलित होने का सौभाग्य मिला। इस अवसर पर कवि सम्मेलन के सम्राट सुरेंद्र शर्मा जी का सम्मान करने का अवसर मिला, जो अपने आप में अविस्मरणीय अनुभव रहा।

अंत में उनके चंद अनमोल चार पंक्तियों को सुनने भर से ही पूरा सफर सार्थक हो गया। खचाखच भरे हिंदी भवन ने यह सिद्ध कर दिया कि गाजियाबाद की पहचान आज कविता-संस्कृति और सुनने की तहजीब में पूरे देश में नंबर वन के रूप में है। आयोजक मंडल को इस शानदार आयोजन की हार्दिक बधाई एवं गाजियाबाद की संवेदनशील और साहित्यप्रेमी जनता को मेरा हृदय से धन्यवाद।





## किशोरी से छह माह से छेड़छाड़ और धमकी

**मोदीनगर।** थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी से छेड़छाड़ और धमकाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। 15 वर्षीय किशोरी के पिता ने आरोप लगाया है कि गांव का ही एक युवक बीते छह माह से उनकी बेटी को परेशान कर रहा है। आरोप है कि युवक ने किशोरी को मोबाइल और सिम कार्ड देकर उस पर लगातार बात करने का दबाव बनाया। जब किशोरी ने इनकार किया तो उसने शादी करने की जिद पकड़ ली और धमकी दी कि अगर उसने बात नहीं मानी तो वह उसे और उसके पूरे परिवार को जान से मार देगा। पीड़ित परिवार के मुताबिक, आरोपी की धमकियों और दबाव के चलते किशोरी का जीवन असुरक्षित हो गया है। डर के कारण वह घर से बाहर तक नहीं निकल पा रही। ग्रामीणों का कहना है कि आरोपी युवक खुलेआम दबंगई दिखा रहा था और परिवार लंबे समय से डर और सहम का जीवन जी रहा है। पीड़िता के पिता ने आखिरकार हिम्मत जुटाकर पुलिस से शिकायत दर्ज कराई। तहरीर के आधार पर आरोपी रविन्द्र के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

# तीन मुठभेड़ों में सात बदमाश गिरफ्तार, पांच गोली लगने से घायल



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** कानून व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए गाजियाबाद पुलिस का बड़ा ऐक्शन सामने आया है। पुलिस ने बीते 24 घंटे में अलग-अलग जगह हुई तीन मुठभेड़ों में सात बदमाशों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। इन अभियुक्तों में से पांच को गोली लगी है और वे घायल अवस्था में पकड़े गए। पुलिस की इस कार्रवाई ने एक बार फिर साफ कर दिया है कि अपराधियों के लिए गाजियाबाद में कोई जगह नहीं है। मुठभेड़ की ये कार्रवाइयाँ स्वाट टीम कमिश्नरेट गाजियाबाद, थाना लिंक रोड, थाना कविनगर और थाना मधुबन बापुधाम की संयुक्त टीमों ने कीं। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार किए गए बदमाशों पर न केवल गाजियाबाद बल्कि अन्य जिलों और राज्यों में भी लूट, चोरी और वाहन चोरी जैसी गंभीर धाराओं में मामले दर्ज हैं। पुलिस कमिश्नरेट की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, मुठभेड़ों के बाद अभियुक्तों के पास से भारी मात्रा में हथियार और चोरी का सामान बरामद हुआ है। इनमें पाँच तमंचे, सात खोखा कारतूस, पाँच जिंदा कारतूस, तीन कारें, दो मोटरसाइकिलें, गाडियाँ चोरी करने के औजार, नेपाली करेंसी और अन्य संदिग्ध सामान शामिल हैं। लिंक रोड थाना पुलिस ने बताया कि रविवार तड़के इलाके में कार चुराने वाले गिरोह के दो सदस्य मुठभेड़ के दौरान पकड़े गए। पुलिस ने बताया कि दोनों के पैर में गोली लगी है। ये दोनों आरोपी चोरी की दो कारों में घूम रहे थे। उनके पास से तमंचे और कारतूस भी बरामद हुए हैं। पुलिस ने बताया कि क्राइम ब्रांच की स्वाट टीम और थाना लिंक रोड पुलिस संयुक्त रूप से सूर्य नगर रेलवे पुल के पास वाहनों की चेकिंग कर रही थी, तभी ये बदमाश पुलिस को देखकर गाडियों को तेजी से भगा ले गए और पीछा करने पर फायरिंग करने लगे। इसके बाद पुलिस ने राठा कुंज कॉलोनी में घेराबंदी कर जवाबी कार्रवाई की और दोनों को दबोच लिया। एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान निवाड़ी निवासी फारुख सलमानी और मोदीनगर निवासी शाहनवाज उर्फ गोलू के रूप में हुई है। दोनों कारों पर फर्जी नंबर प्लेट लगी थी और जांच में सामने आया कि स्विफ्ट और ब्रेजा कार दिल्ली से चोरी की गई थीं। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि चार माह पहले भी उन्होंने बृज विहार क्षेत्र में चोरी का प्रयास किया था, लेकिन पुलिस की मौजूदगी से डरकर भाग निकले थे। उस घटना की सीसीटीवी फुटेज से ही पुलिस उनकी पहचान कर रही थी। गिरफ्तार आरोपी बेहद शातिर हैं और पहले भी कई बार जेल जा चुके हैं। फारुख पर 19 और शाहनवाज पर 13 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

ये गिरोह चोरी की गाडियों पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर घूमता था और उन्हें बेच देता था। कई बार जब कारें नहीं बिकतीं तो उन्हें कबाडियों के हवाले कर दिया जाता था।
गाजियाबाद पुलिस की इस लगातार कार्रवाई ने अपराधियों के हौसले पस्त कर दिए हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जिले में किसी भी हाल में अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए मुठभेड़ों का यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।

# कौशांबी ए और बी ब्लॉक पार्क में हाईमास्ट लाइट की सौगात

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** लंबे समय से चली आ रही मांग आखिरकार पूरी हो गई। रविवार को कौशांबी ए और बी ब्लॉक स्थित पार्क में आखिरकार हाईमास्ट लाइट लगा दी गई।

नगर निगम द्वारा क्षेत्रीय पार्षद कुसुम मनोज गोयल के सहयोग से यह कार्य कराया गया। इसका शुभारंभ कौशांबी प्लॉट एरिया के अध्यक्ष देवेंद्र भार्गव ने नारियल छोड़कर किया। कार्यक्रम में मौजूद पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल ने बताया कि क्षेत्र के लोगों की यह मांग काफी समय से लंबित थी। पार्क अंधेरे में डूबा रहता था जिससे न केवल बच्चों और बुजुर्गों को असुविधा होती थी बल्कि सुरक्षा संबंधी दिक्कतें भी उत्पन्न होती थीं। हाईमास्ट लाइट लगने से अब पार्क रोशनी से जगमगाएगा और लोग देर शाम तक भी इसका आनंद ले सकेंगे। इस मौके पर पार्षद कुसुम गोयल ने इस कार्य के लिए महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नगर निगम लगातार क्षेत्र की सुविधाओं को बेहतर बनाने में जुटा हुआ है और यह हाईमास्ट लाइट उसी कड़ी का हिस्सा है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी और गणमान्य लोग शामिल हुए। इनमें समाजसेवी एवं पार्क का विशेष ध्यान रखने वाले एस.के. गोयल, मुनेष चौहान, राकेश कुमार, लाल सिंह, मनोज शर्मा, नवनीत सोडाणी, अनीता खंडेलवाल, मंजू शर्मा, संदीप शर्मा, भाजपा नेता अवधेश कटियार, मंगल सिंह, भानु प्रताप सिंह, पदमचंद गर्ग और अशोक चावला प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। लाइट के शुभारंभ के बाद क्षेत्रवासियों ने पार्षद और नगर निगम का धन्यवाद किया। लोगों का कहना था कि यह सुविधा मिलने से पार्क और अधिक सुरक्षित, सुंदर और उपयोगी हो जाएगा। बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग अब निश्चिंत होकर पार्क में समय बिता सकेंगे।

# 21 सितंबर को विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा का स्थापना दिवस समारोह

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** समाज और राष्ट्र की एकता, अखंडता तथा संगठन की शक्ति को प्रखर बनाने के उद्देश्य से विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा का भव्य स्थापना दिवस समारोह आगामी 21 सितंबर को हिंदी भवन, लोहिया नगर गाजियाबाद में आयोजित किया जाएगा। इस विशेष अवसर पर उन लोगों को सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने अपने जीवन में मातृ-पितृ की उत्कृष्ट सेवा कर समाज के लिए आदर्श प्रस्तुत किया है।

ऐसे लोगों को महासभा की ओर से श्रवण कुमार उपाधि प्रदान की जाएगी। इस अवसर की घोषणा करते हुए महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने कहा कि मनुष्य के जीवन में संगठन का बहुत बड़ा महत्व है। उन्होंने कहा कि अकेला मनुष्य शक्तिहीन होता है, लेकिन जब वह संगठित होता है तो उसमें अपार शक्ति का संचार होता है। संगठन की शक्ति से असंभव से असंभव कार्य भी संभव हो जाते हैं। संगठित परिवार, समाज और देश को कोई दुश्मन हानि नहीं पहुंचा सकता, जबकि असंगठित होने पर व्यक्ति और समाज हमेशा संकट में रहता है। बीके शर्मा हनुमान ने यह भी स्पष्ट किया कि संगठन तभी सार्थक होता है जब वह किसी अच्छे उद्देश्य के लिए हो। गलत उद्देश्य का संगठन समाज के लिए अभिशाप साबित होता है, जबकि जनकल्याण का संगठन समाज को शक्ति और समृद्धि दोनों प्रदान करता है। अपने संबोधन में पीठाधीश्वर ने कहा कि प्रत्येक धर्म ग्रंथ संगठन और एकता का ही संदेश देते हैं। कोई भी धर्म आपसी बैर की शिक्षा नहीं देता। जब मनुष्य एकमत होकर समाजहित में कार्य करता है तो वह प्रगति और सम्पन्नता की ओर अग्रसर होता है।

उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे विभिन्न फूल अपनी विशेषता से बगीचे को सुंदर बनाते हैं, वैसे ही समाज के अलग-अलग व्यक्ति अपनी-अपनी योग्यता से संगठन को सशक्त बनाते हैं।

# बरसात में जलभराव से परेशान प्रताप विहार कॉलोनी, अधिकारियों ने लिया संज्ञान

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** लाइन पार क्षेत्र की प्रताप विहार कॉलोनी में बरसात के मौसम में जलभराव ने बड़ी समस्या खड़ी कर दी है। थोड़ी सी बरसात होते ही यहाँ के घरों में पानी घुस जाता है, जिससे लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि शिकायतें कई बार नगर निगम, जीडीए और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों तक पहुंचाई गईं, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं हो सका है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी ने भी संज्ञान लिया और रविवार को उनके निर्देश पर सिटी मजिस्ट्रेट संतोष कुमार उपाध्याय ने टीम के साथ पूरे इलाके का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद उन्होंने माना कि यह समस्या गंभीर है। स्थानीय लोगों ने बताया कि प्रतीक सोसाइटी के पास बड़े नाले को छोटा कर पाईप डाल दिए जाने के कारण पानी की निकासी बाधित हो रही है। तेज बारिश में पीछे से पानी का दबाव बढ़ जाता है और निकासी न होने पर वह प्रताप विहार इलाके में भर जाता है। सिटी मजिस्ट्रेट संतोष उपाध्याय ने ने आश्वस्त किया कि इस संबंध में जिलाधिकारी के माध्यम से कमिश्नर को अवगत कराया जाएगा और जल्द ही समाधान की दिशा में प्रयास किए जाएंगे। इधर, श्री रामचरितमानस रामलीला समिति द्वारा आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रम में पहुंचीं महापौर सुनीता दयाल ने भी इस मुद्दे का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि नगर निगम, जीडीए और आवास विकास के सहयोग से दोबारा से बड़ा नाला बनाया जाएगा, जिससे बरसात के पानी की निकासी सुगम हो सके।

# नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान 1 से 30 सितंबर तक पूरे प्रदेश में

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश में सड़क सुरक्षा को लेकर बड़ा कदम उठाया जा रहा है। परिवहन आयुक्त की ओर से जारी निर्देशों के तहत प्रदेशभर में 1 सितंबर से 30 सितंबर तक ₹नो हेलमेट, नो फ्यूल₹ अभियान चलाया जाएगा। इस संबंध में सभी प्रवर्तन अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं, साथ ही प्रदेश के समस्त जिलाधिकारियों को पत्र भेजकर अभियान की सफलता सुनिश्चित करने और नियमित अनुश्रवण करने को कहा गया है। अभियान के तहत परिवहन विभाग, आपूर्ति विभाग और यातायात पुलिस की संयुक्त टीम कार्य करेगी। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि पेट्रोल पंप पर बिना हेलमेट पहने दुपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल न दिया जाए। निर्देशों के अनुसार जिलों के पेट्रोल पंप संचालकों को भी सख्ती से आदेशों का पालन करना होगा। सरकार का मानना है कि इस पहल से लोगों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और हेलमेट न पहनने की प्रवृत्ति पर रोक लगेगी। अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों और गंभीर चोटों को कम करना है। अधिकारियों ने साफ कर दिया है कि नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई भी की जाएगी।

